Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा, हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा, राजस्थान, पंजाब, बहराइच, रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबन्द में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्षः 6 अंकः 236 | गुरूवार, 28 अगस्त -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया


## अमेरिकी टैरिफ के बीच मोहन भागवत का स्वदेशी अपनाने पर जोर

# 'व्यापार दबाव में नहीं सहमति से होना चाहिए'

**नई दिल्ली।**

आरएसएस के 100 वर्ष होने के अवसर पर दिल्ली के विज्ञान भवन में लोगों को संबोधित करते हुए संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि उपभोक्तावाद की वृद्धि के कारण दुनिया में पाप, दुःख और संघर्ष बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि वोक कल्चर पूरी दुनिया पर छा रहा संकट है। क्योंकि लोग अपने अलावा किसी दूसरे की ओर नहीं देख रहे हैं।

इससे बचने के लिए लोगों को केवल धर्म का मार्ग अपनाना चाहिए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने मंगलवार को स्वदेशी और आत्मनिर्भरता पर जोर देते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार केवल सहमति से होनी चाहिए, किसी दबाव में नहीं। उन्होंने साफ कहा कि भारत को आत्मनिर्भर बनकर ही दुनिया में योगदान देना है। दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम को



संबोधित करते हुए मोहन भागवत ने 'हिंदुत्व' की परिभाषा पर भी विस्तार से बात की। उन्होंने कहा, हिंदुत्व या हिंदुपन क्या है? अगर इसे संक्षेप में कहना हो तो दो शब्द हैं सत्य और प्रेम। दुनिया का संचालन एकता से होता है, सौदेबाजी और अनुबंधों से नहीं।' इस दौरान मोहन भागवत ने कहा कि हिंदुस्तान का जीवन मिशन विश्व कल्याण है। उनका कहना था कि विकास की दौड़ में दुनिया ने भीतर झांकना छोड़ दिया है। अगर भीतर खोज होगी तो ऐसी अनंत खुशी मिलेगी जो कभी खत्म नहीं होगी। यही मानव जीवन का अंतिम लक्ष्य है और इससे पूरी दुनिया में शांति और सौहार्द का माहौल बनेगा। उन्होंने यह भी कहा कि हिंदुत्व किसी एक संप्रदाय या समुदाय की विचारधारा नहीं है, बल्कि यह वह सोच है जो सत्य और प्रेम पर आधारित होकर सबको साथ लेकर चलती है। अगर यही मार्ग अपनाया जाए तो दुनिया के संघर्ष खत्म हो जाएंगे और सच्चा सुख-शांति स्थापित होगी।

### धर्म सदैव सार्वकालिक सुखदाई होता है- भागवत

मोहन भागवत ने कहा कि समाज में जीवन में विविधता है, लेकिन कई बार इनमें संघर्ष भी दिखाई देता है, लेकिन सबको साथ लेकर चलना है और इसके लिए सबके बीच समन्वय स्थापित करना है। इसके लिए कई बार कुछ त्याग भी करना पड़ता है जिसके लिए सदैव तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि धर्म सदैव सार्वकालिक सुखदाई होता है।


## किश्तवाड़ में रिहायशी घरों में लगी आग, आठ लोग घायल, चार गंभीर



**जम्मू।**

जम्मू के किश्तवाड़ में रिहायशी घरों में आग लगने की घटना सामने आई है। इस हादसे में कई लोगों के घायल होने की खबर सामने आई है। घायलों को किश्तवाड़ के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिकित्सा अधीक्षक युद्धवीर सिंह ने बताया कि आग की घटना में आठ घायलों को किश्तवाड़ के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। इनमें से चार गंभीर रूप से घायल हैं और उन्हें डोडा के सरकारी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। वहीं, किश्तवाड़ की विधायक शगुन परिहार ने कहा, ?यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण घटना है कि किश्तवाड़ में लगभग छह घरों में आग लग गई। लगभग सात लोग घायल हुए हैं और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आग पर अब काबू पा लिया गया है।

### कॉलेजियम को असहमति पर गौर करने की जरूरत



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज एएस ओका ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम प्रक्रिया में असहमति को गंभीरता से लेना चाहिए और पारदर्शिता जरूरी है। लेकिन सारी जानकारी सार्वजनिक करने से उन वकीलों की निजी छवि प्रभावित हो सकती है, जिनके नाम चुने नहीं गए। इसलिए गोपनीयता और पारदर्शिता के बीच संतुलन बनाए रखना जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की सिफारिशों पर जस्टिस बीवी नागरत्ना की कड़ी असहमति के बावजूद, दो हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों को सुप्रीम कोर्ट में पदोन्नत किए जाने के बारे में अब सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज जस्टिस एएस ओका ने टिप्पणी की है।

### राष्ट्रपति अर्दोआन ने वायु रक्षा प्रणाली स्टील डोम का उद्घाटन किया



**इस्तांबुल।** तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब अर्दोआन ने तुर्किये की एकीकृत वायु रक्षा प्रणाली स्टील डोम का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि ये प्रणालियां तुर्किये की ताकत को दिखाती हैं। वायु रक्षा के क्षेत्र में हम एक नए दौर की शुरूआत कर रहे हैं। परियोजना के मौजूदा चरण में 47 वाहन शामिल किए गए हैं, जिनकी कीमत लगभग 46 करोड़ अमेरिकी डॉलर है। तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब अर्दोआन ने बुधवार को तुर्किये की एकीकृत वायु रक्षा प्रणाली स्टील डोम का उद्घाटन किया।

## भारी बारिश और बाढ़ से जम्मू रेल मार्ग ठप, 65 ट्रेनें रद्द

**नई दिल्ली।**

उत्तर रेलवे के मुताबिक अब तक 65 ट्रेनों को रद्द किया गया है। इनमें दिल्ली, वाराणसी, कानपुर, अजमेर, पुणे, गुवाहाटी और चेन्नई जैसे प्रमुख शहरों से जम्मू तवी और श्री माता वैष्णो देवी कटरा जाने वाली गाड़ियां शामिल हैं। 46 ट्रेनों का गंतव्य बदल दिया गया है यानी उन्हें बीच के स्टेशनों पर ही रोक दिया गया। जम्मू में चक्की नदी में आई बाढ़ और मिट्टी धंसने से रेल यातायात पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। उत्तरी रेलवे ने जानकारी दी कि रेल ट्रैक को हुए नुकसान के कारण कई ट्रेनों को रद्द करना पड़ा है, जबकि कई को बीच में ही रोककर गंतव्य बदलना



पड़ा है। इस आपदा के चलते उत्तर भारत से जम्मू-कश्मीर जाने वाले यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उत्तर रेलवे के मुताबिक अब तक 65 ट्रेनों को रद्द किया गया है। इनमें दिल्ली, वाराणसी, कानपुर, अजमेर, पुणे, गुवाहाटी और चेन्नई जैसे प्रमुख शहरों से जम्मू तवी और श्री माता वैष्णो देवी कटरा जाने वाली गाड़ियां शामिल हैं। 46 ट्रेनों का गंतव्य बदल दिया गया है यानी उन्हें बीच के स्टेशनों पर ही रोक दिया गया। इसके अलावा 24 ट्रेनें अपने तय प्रारंभिक स्टेशन से नहीं चलेंगी, बल्कि बीच के बड़े स्टेशनों से शुरू की जाएंगी। रेलवे ने बताया कि कई महत्वपूर्ण गाड़ियां जैसे नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटरा उत्तर संपर्क क्रांति एक्सप्रेस, नई दिल्ली-जम्मू राजधानी, कोटा-जम्मू एक्सप्रेस, पुणे-जम्मू एक्सप्रेस, गुवाहाटी-जम्मू अमरनाथ एक्सप्रेस, अजमेर-जम्मू पूजा एक्सप्रेस और तिरुपति-जम्मू हमसफर एक्सप्रेस को रद्द करना पड़ा है।

## आसाराम की जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली।**

अपने ही आश्रम की नाबालिग छात्रा यौन शोषण के आरोप में आजीवन कारावास की सजा काट रहे आसाराम मुश्किलें एक बार फिर बढ़ गई है। मेडिकल ग्राउंड पर पैरोल पर बाहर आए आसाराम को तीस अगस्त की सुबह 10 बजे तक जोधपुर सेंट्रल जेल में सरेंडर करना होगा। राजस्थान हाईकोर्ट ने आज उसकी अंतरिम जमानत बढ़ाने से इनकार कर दिया। हालांकि आवश्यकता पड़ने पर आसाराम दोबारा आवेदन कर सकता है। जस्टिस दिनेश मेहता और जस्टिस



विनीत कुमार माथुर की डबल बेंच ने यह फैसला सुनाया है। आसाराम 29 अगस्त को अंतरिम जमानत का समय खत्म हो रहा है। कोर्ट ने अहमदाबाद के सिविल हॉस्पिटल से मिली मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर अंतरिम जमानत अवधि बढ़ाने की याचिका को खारिज किया है। कोर्ट ने कहा कि सिविल हॉस्पिटल (अहमदाबाद) की मेडिकल रिपोर्ट के अनुसार आसाराम की सेहत इतनी गंभीर नहीं है कि उसकी अंतरिम जमानत को बढ़ाया जाए। हालांकि कोर्ट ने जेल में आसाराम को व्हील चेयर की सुविधा और एक सहायक उपलब्धता की छूट दी है इसके साथ ही जरूरत पड़ने पर जोधपुर एम्स में जांच करवाई जा सकती है। राजस्थान हाईकोर्ट ने अपने आदेश में अहमदाबाद सिविल हॉस्पिटल को आसाराम की हार्ट और न्यूरो संबंधी समस्याओं का परीक्षण करने के निर्देश दिए थे।


### सलमान खान ने पूरे परिवार के साथ मनाया गणेश चतुर्थी का त्योहार

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर सलमान खान आज गणेश चतुर्थी के दिन गणपति बप्पा को घर लाए और पूरे परिवार के साथ पूजा आरती की। सलमान खान ने कुछ ही देर पहले सोशल मीडिया हैंडल पर अपने घर से एक खास वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में सलमान खान गणेश चतुर्थी का त्योहार अपने पूरे परिवार के साथ मनाते नजर आ रहे हैं। आज सलमान खान ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक खास वीडियो शेयर कर फैंस को सरप्राइज कर दिया है। हर बार की तरह इस बार भी सलमान खान गणेश चतुर्थी के अवसर पर गणपति बप्पा को घर लाए।

## अमेरिका के स्कूल में गोलीबारी से 3 छात्रों की मौत, 20 घायल

**नई दिल्ली।**

अमेरिका के एक स्कूल में बुधवार को गोलीबारी हो गई। इस घटना में 3 लोगों की मौत हो गई और 20 लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि मरने वालों में हमलावर भी शामिल है, जिसे मौके पर मार गिराया गया। घटना मिनेसोटा के मिनियापोलिस में एक कैथोलिक स्कूल में हुई। यह कैथोलिक स्कूल एक प्राइवेट इलीमेंट्री स्कूल है, जिसमें लगभग 395 छात्र पढ़ते हैं। स्थानीय मीडिया के अनुसार, गोलीबारी उस वक्त हुई, जब बच्चे सुबह के प्रार्थना सभा में मौजूद थे। घटना के बाद अभिभावक सकते में आ गए और मौके पर पहुंचकर बच्चों को घर ले जाते दिखे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घटना पर दुख जाहिर किया है। मौके पर एफबीआई के अधिकारी भी पहुंच गए हैं। होमलैंड सुरक्षा सचिव क्रिस्टी नोएम ने बताया कि सुरक्षा विभाग स्थानीय अधिकारियों के संपर्क में है और स्थिति पर नजर रख रहा है।




## चिशोती के बाद अब वारवान घाटी में बादल फटे, वैष्णो देवी भूस्खलन में मृतकों की संख्या 36




**जम्मू।** सुरक्षा के मद्देनजर वैष्णो देवी यात्रा बुधवार को दूसरे दिन भी बंद रखी गई। जम्मू संभाग में बुधवार को नदी नालों में जल स्तर घटने से राहत रही लेकिन कश्मीर में कई इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति रही। जम्मू-कश्मीर में मौसम का कहर जारी है। श्री माता वैष्णो देवी के यात्रा मार्ग पर अर्द्धकुंवारी में स्थित इंद्रप्रस्थ भोजनालय के पास हुए भूस्खलन से मरने वाले श्रद्धालुओं की संख्या बुधवार को 36 हो गई है। घटना के समय नौ श्रद्धालुओं के मारे जाने की और 21 के घायल होने की पुष्टि हुई थी। बाद में बचाव दल को मलबे के नीचे से कई और शव मिले। सुरक्षा के मद्देनजर वैष्णो देवी यात्रा बुधवार को दूसरे दिन भी बंद रखी गई। जम्मू संभाग में बुधवार को नदी नालों में जल स्तर घटने से राहत रही लेकिन कश्मीर में कई इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति रही। श्रीनगर और अनंतनाग में झेलम उफान पर रही। कई इलाकों से लोगों को सुरक्षित निकाला गया। चक्की पुल पठानकोट में जमीन धंसने के कारण जम्मू से आने और जाने वाली 58 ट्रेनों को रद्द किया गया और 46 ट्रेनों निर्धारित गंतव्य से पहले ही रोक दिया गया। 18 ट्रेनों को मूल के बजाय अन्य स्टेशनों से चलाया गया। कश्मीर घाटी में रात भर भारी बारिश होने से मुख्य झेलम नदी में बुधवार सुबह अनंतनाग जिले के संगम और श्रीनगर के राम मुंशी बाग में बाढ़ की चेतावनी के निशान को पार कर गई।

**झेलम नदी का पानी कुर्सु राजबाग में घुसने से लोगों में दहशत रही।**

## 2038 तक अमेरिका को पछाड़ भारत बन सकता है दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था

**नई दिल्ली।**

भारत की युवा आबादी, उच्च बचत दर, सुधारवादी नीतियां और नई तकनीकों में निवेश उसे वैश्विक अर्थव्यवस्था का अहम स्तंभ बनाने में मदद करेंगे। इसके दम पर भारत 2038 तक दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। वैश्विक परामर्श कंपनी ईवाई की रिपोर्ट के मुताबिक भारत 2038 तक खरीद शक्ति समानता (पीपीपी) के आधार पर दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। उस समय



भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 34.2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। यह आकलन अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के अनुमान पर आधारित है। ईवाई ने कहा कि आईएमएफ की रिपोर्ट के अनुसार भारत 2030 तक 20.7 ट्रिलियन डॉलर (पीपीपी) की अर्थव्यवस्था तक पहुंच सकता है। तुलना में चीन 42.2 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के साथ आगे रहेगा, लेकिन उसकी उम्रदराज आबादी और बढ़ता कर्ज बड़ी चुनौती है। अमेरिका मजबूत बना रहेगा लेकिन 120% से अधिक के ऋण-जीडीपी अनुपात और धीमी वृद्धि दर से जूझेगा। जर्मनी और जापान भी अपने अधिक आयु वाले समाज और वैश्विक व्यापार पर निर्भरता के कारण सीमित रहेंगे। भारत की बड़ी ताकत इसका युवा जनसंख्या प्रोफाइल है। 2025 में भारत की औसत आयु मात्र 28.8 वर्ष है।

इसके साथ ही, भारत के पास दुनिया की दूसरी सबसे ऊंची बचत दर है। सरकार का ऋण–जीडीपी अनुपात भी 2024 में 81.3% से घटकर 2030 में 75.8% पर आने का अनुमान है। इसके विपरीत, अन्य बड़ी अर्थव्यवस्थाओं का ऋण लगातार बढ़ रहा है। सुधार और नीतियों का योगदान भारत की इस लंबी अवधि की मजबूती सिर्फ जनसांख्यिकी पर आधारित नहीं है, बल्कि संरचनात्मक सुधारों और मजबूत बुनियादों पर भी टिकी है।

## संपादक की कलम से

# सांसदों से वसूली की जाए

लोकसभा और राज्यसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गईं। यानी संसद का मॉनसून सत्र समाप्त हो गया। यह संसद सत्र न भी होता, तो कोई फर्क नहीं पड़ता। कोई राष्ट्रीय नुकसान नहीं होता। हम यह बहुत भारी मन से लिख रहे हैं, व्यथित महसूस कर रहे हैं। हालांकि यह कहना देशहित में नहीं है, क्योंकि संसद हमारा सर्वोच्च और गरिमामय लोकतांत्रिक मंदिर है। बार–बार यह महज एक कथन, आदर्श वाक्य लगता है, क्योंकि संसद एक अखाड़ा बन कर रह गई है।


ललित शर्मा
संपादक

संसद सत्र के दौरान करीब 190 करोड़ रुपए फूंक दिए गए। संसद की सार्थक कार्यवाही नहीं चल सकी। एक दिन की संसदीय कार्यवाही पर औसतन 9 करोड़ रुपए खर्च होते हैं। यह राशि सांसदों की नहीं, बल्कि देश की करदाता जनता की है। हंगामे, शोर–शराबे और कार्यवाही के बार–बार स्थगन के लिए जनता पैसे क्यों दे? सदन चले अथवा स्थगित हो जाए, लेकिन सांसद को 2500 रुपए का रोजाना भत्ता जरूर मिल जाता है। इस बार कुछ सांसदों ने ही यह मुद्दा उठाते हुए कहा है कि सदन के स्थगन से जितना आर्थिक नुकसान हुआ है, उतनी राशि सांसदों से ही वसूल की जाए। सांसदों के वेतन और भत्तों में कटौती की जाए। विपक्ष ने सत्र के दौरान एसआईआर के मुद्दे पर हंगामा जारी रखा, जबकि उन्हें भी जानकारी थी कि संसद के भीतर चुनाव आयोग पर बहस नहीं की जा सकती। मतदाता सूचियों का पुनरीक्षण चुनाव आयोग का संवैधानिक विशेषाधिकार है, लेकिन विपक्ष ने सदन के भीतर और बाहर लगातार हंगामा किया और उसे अपना संवैधानिक अधिकार बताया। उस संदर्भ में वह बार–बार दिवंगत नेता अरुण जेतली को उद्धृत करता रहा। यदि संवैधानिक अधिकार के कारण ही संसद की कार्यवाही बाधित होती रहे और अंतत: उसे स्थगित करना पड़े, तो उसके नुकसान की भरपाई कौन करेगा? यह कहना अर्द्धसत्य है कि सदन की कार्यवाही चलाना सत्ता पक्ष का दायित्व है। यह कथन तब सही है, जब कार्यवाही में विपक्ष भी लगातार भागीदार बने। तभी बहस और चचाएं संभव हैं, तभी विधेयकों पर सामूहिक चर्चा कर उन्हें पारित करना संभव है। कहने को लोकसभा में 12 बिल और राज्यसभा में 14 बिल पारित किए गए। उन्हें हां अथवा ना के ध्वनिमत से पारित कर लिया गया। उसके लिए संसद की क्या जरूरत है? ऑनलाइन गेमिंग सरीखे बिल, जो करीब 45 करोड़ लोगों को प्रभावित कर रहा है और करीब 20,000 करोड़ रुपए दांव पर हैं, बिना चर्चा के ही पारित कर लिए गए। इंडियन पोर्ट्स बिल 2025 और नेशनल स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल महत्वपूर्ण बिल थे, लेकिन वे भी बिना चर्चा के पारित कर लिए गए। यदि संसद में ऐसा ही चलना है, तो सत्र बुलाने की क्या आवश्यकता है? लोकसभा की उत्पादकता 31 फीसदी और राज्यसभा की 35 फीसदी रही। लोकसभा में विधायी कार्य 2.9 घंटे और राज्यसभा में 13.1 घंटे ही हो सका। संसद सत्र 21 जुलाई से 21 अगस्त तक चला और 21 बैठकें हुईं। लोकसभा में 126 घंटे काम होना तय था, लेकिन 37 घंटे ही हो सका। लोकसभा में प्रश्नकाल मात्र 4.7 घंटे और राज्यसभा में 1.2 घंटे ही चला। संसद का क्या औचित्य है कि सांसद मंत्री से सवाल ही न कर सके? यह सत्र उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति के लिए भी याद किया जाएगा कि अचानक उन्हें इस्तीफा देने को बाध्य किया गया। पूर्व उपराष्ट्रपति न जाने कहां छिपे हैं कि उन्होंने एक भी बयान नहीं दिया है? उन्हें विदाई पार्टी भी नहीं दी गई! ऑपरेशन सिंदूर पर बहस तो हुई और अंत में प्रधानमंत्री मोदी ने 102 मिनट का सबसे लंबा भाषण दिया, लेकिन कई पहलू छूट गए। युद्धविराम किसने कराया, प्रधानमंत्री ने दो टूक शब्दों में जवाब नहीं दिया। कई बिल बिना चर्चा के पास होना कुछ सवाल खड़े करता है।

# भारत की शक्ति और हर वैश्विक साझेदारी का भविष्य लोकतंत्र, जनसांख्यिकी और स्किल्ड वर्कफोर्स का संगम

*वैश्विक स्तरपर भारत आज केवल एक भौगोलिक इकाई नहीं है, बल्कि यह विश्व के लिए आशा, स्थिरता और अवसरों का केंद्र बन चुका है। भारत आज जिस मुकाम पर खड़ा है, उसे केवल एक राष्ट्र की उपलब्धि कहना कम होगा।यह 21वीं सदी के उस नए युग की शुरूआत है यह स्वतंत्रता के 75 से अधिक वर्षों की यात्रा में भारत ने बार–बार यह सिद्ध किया है कि, लोकतंत्र केवल एक शासन पद्धति नहीं है, बल्कि यह राष्ट्र की आत्मा है। इसके साथ ही, भारत की जनसांख्यिकी और विशाल स्किल्ड वर्कफोर्स ने उसे ऐसे मुकाम पर ला खड़ा किया है, जहां से वह न केवल अपने नागरिकों के भविष्य को संवार सकता है, बल्कि पूरे विश्व के विकास की दिशा भी तय कर सकता है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र से यह लेख तीन मुख्यस्तंभों, लोकतंत्र की शक्ति, जनसांख्यिकीय लाभ और स्किल्ड वर्कफोर्स की क्षमता पर आधारित है, जिनकी वजह से भारत और उसके वैश्विक साझेदारों के बीच हर रिश्ते को ₹विन–विन सिचुएशन₹ के रूप में परिभाषित किया जा सकता है।*


गोंदिया




साथियों बात अगर हम भारत की पहली सबसे बड़ी ताकत की करें तो, भारत दुनियाँ का सबसे बड़ा लोकतंत्र है।1950 में संविधान लागू होने के बाद से आज तक भारत ने चुनावों के जरिए सत्ता परिवर्तन, नीति निर्माण और नागरिक अधिकारों को जिस मजबूती से कायम रखा है, वह विश्व के लिए उदाहरण है। लोकतंत्र का अर्थ केवल सत्ता परिवर्तन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह नागरिक भागीदारी, न्याय व्यवस्था की स्वतंत्रता और पारदर्शी शासन की नींव पर खड़ा है। विविधता में एकता इसका सबसे बड़ा परिचायक है, जहां 22 आधिकारिक भाषाएँ, हजारों बोलियाँ, सैकड़ों धर्म-संप्रदाय और अलग-अलग संस्कृतियाँ होने के बावजूद लोग लोकतांत्रिक रूप से एकजुट रहते हैं। भारत का लोकतंत्र वैश्विक कंपनियों के लिए एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करता है क्योंकि वे जानती हैं कि यहां नीतियाँ पारदर्शी हैं, कानून का शासन है और निवेशकों के हितों की रक्षा की जाती है।दुनिया के कई हिस्सों में अधिनायकवाद और राजनीतिक अस्थिरता देखने को मिलती है। अफ्रीकी और एशियाई देशों में सत्ता परिवर्तन अक्सर हिंसा और अराजकता का कारण बनते हैं।इसके विपरीत भारत ने अपने लोकतांत्रिक ढांचे से स्थिरता का माहौल तैयार किया है।यही कारण है कि विश्व की बड़ी कंपनियाँ भारत को ₹सेफ हैवन₹ के रूप में देखती हैं। चीन या रूस जैसे देशों में निवेश करने पर राजनीतिक जोखिम अधिक होता है, जबकि भारत में लोकतंत्र यह सुनिश्चित करता है कि नीतियाँ स्थिर रहें और निवेश सुरक्षित रहे। यह लोकतंत्र की वही शक्ति है जो भारत को अलग पहचान दिलाती है।

साथियों बात अगर हम भारत की दूसरी सबसे बड़ी ताकत की करें तो वह है उसकी जनसांख्यिकी।वर्तमान समय में भारत की आबादी लगभग 1.43 अरब है और इसमें से 65 पेर्सेंट से अधिक लोग 35 वर्ष से कम आयु वर्ग में आते हैं। यह स्थिति भारत को दुनियाँ की सबसे युवा आबादी वाला देश बनाती है। युवा आबादी किसी भी राष्ट्र के लिए ऊर्जा, नवाचार और विकास का प्रतीक होती है। जब यूरोप और जापान जैसे विकसित देश बूढ़ी होती आबादी की समस्या से जूझ रहे हैं, तब भारत के पास एक ऐसा डेमोग्राफिक एडवांटेज है जो उसे वैश्विक अर्थव्यवस्था का इंजन बना सकता है।भारत की युवा पीढ़ी तकनीक अपनाने में सबसे आगे है। वे न केवल नई तकनीकों को अपनाते हैं बल्कि स्टार्टअप्स और उद्यमिता की ओर भी बढ़ रहे हैं। यही कारण है कि भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है।₹मेक इन इंडिया₹, ₹स्टार्टअप इंडिया₹ और ₹डिजिटल इंडिया₹ जैसी योजनाएँ इसी युवा ऊर्जा का परिणाम हैं। यह डेमोग्राफिक डिविडेंड भारत को न केवल घरेलू विकास की दिशा में मजबूत बना रहा है बल्कि विश्व के लिए भी अवसर पैदा कर रहा है।भारत की यह जनसांख्यिकी वैश्विक स्तर पर भी महत्वपूर्ण है। भारत हर साल लाखों इंजीनियर, डॉक्टर और मैनेजमेंट प्रोफेशनल तैयार करता है। यह वर्कफोर्स पूरी दुनिया की जरूरतें पूरी करता है। भारतीय पेशेवर आज अमेरिका, यूरोप, खाड़ी देशों और अफ्रीका तक अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। यह युवा आबादी उपभोक्ता बाजार के रूप में भी बेहद आकर्षक है। युवा वर्ग नई तकनीकों, डिजिटल सेवाओं और उपभोक्ता उत्पादों का सबसे बड़ा खरीदार है। यही कारण है कि वैश्विक कंपनियाँ भारत को भविष्य का सबसे बड़ा बाजार मानती हैं। साथियों बात अगर हम भारत की तीसरी और सबसे महत्वपूर्ण शक्ति की करें तो वह है उसका विशाल स्किल्ड वर्कफोर्स। भारत के पास आज दुनिया का सबसे बड़ा स्किल्ड ह्यूमन रिसोर्स पूल है।आईटी, हेल्थकेयर, इंजीनियरिंग, रिसर्च, शिक्षा और मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों में भारतीयों ने अपनी प्रतिभा से पूरी दुनिया में पहचान बनाई है। बेंगलुरु, हैदराबाद और पुणे जैसे शहर वैश्विक आईटी हब के रूप में उभर चुके हैं। भारतीय आईटी प्रोफेशनल्स अमेरिकी सिलिकॉन वैली की कंपनियों के लिए रीढ़ की हड्डी बन चुके हैं। हेल्थकेयर के क्षेत्र में भारतीय डॉक्टर और नर्स पूरी दुनिया में अपनी सेवाएँ दे रहे हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान यह साफ दिखाई दिया कि भारतीय मेडिकल प्रोफेशनल्स की क्षमता कितनी विशाल है।मैन्युफैक्चरिंग और स्टार्टअप्स के क्षेत्र में भी भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। ₹मेक इन इंडिया₹ अभियान ने विदेशी निवेशकों को आकर्षित किया है और भारत में उत्पादन का माहौल तैयार किया है। भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम भी दुनिया में तीसरे स्थान पर है, जिसने लाखों रोजगार पैदा किए हैं। यह स्किल्ड वर्कफोर्स केवल भारत की अर्थव्यवस्था के लिए ही नहीं, बल्कि वैश्विक नवाचार और विकास के लिए भी अहम है। साथियों बातें कर हम इन तीनों कारकों, लोकतंत्र, जनसांख्यिकी और स्किल्ड वर्कफोर्स, का संगम भारत को विश्व की बड़ी कंपनियों और सरकारों के लिए आकर्षण का केंद्र बनाने की करें तो, जब कंपनियाँ भारत में निवेश करती हैं तो उन्हें स्थिर राजनीतिक माहौल, विशाल उपभोक्ता आधार और प्रतिभाशाली मानव संसाधन तीनों एक साथ मिलते हैं। यही कारण है कि एप्पल, गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, अमेजन और टेस्ला जैसी कंपनियाँ भारत को भविष्य का हब मान रही हैं।भारत और उसके वैश्विक साझेदारों के बीच संबंध केवल व्यापार तक सीमित नहीं हैं। यह संबंध वास्तव में परस्पर लाभकारी है। भारत को रोजगार, तकनीक और निवेश मिलता है, जबकि कंपनियों को लागत में कमी, स्थिर वातावरण और विशाल बाजार तक पहुंच मिलती है। इस प्रकार यह रिश्ता ₹विन-विन सिचुएशन₹ का प्रतीक बन जाता है।हालांकि भारत के सामने कुछ चुनौतियाँ भी हैं। शिक्षा और कौशल मेंअसमानता, आधारभूत ढाँचे की कमी, गरीबी और बेरोजगारी जैसी समस्याएँ अभी भी मौजूद हैं।

## उदय किशोर साह

### धूर्तों की सज गई बाजार

कविता



चोरों के घर लगी है यहाँ पे मेला
सत्य बेचारा खड़ा जग में अकेला
कैसी लिख दी रब तुँने ये विधान
शर्मसार है जहाँ पे हर इन्सान

धुर्तों की सज गई है यहाँ पे बाजार
हर बेईमान है इनके बड़े खरीददार
सर्वत्र हो रही है जालिमों की जयकार
कलियुगी का है विचित्र सा संसार

मानवता की हुई अब बात बहुत पुरानी
इन्सानियत को समझे सब कोई नादानी
असुर बुद्धि की बढ़ गई आज मनमानी
अर्श से फर्श तक है इनकी कारिस्तानी

बेईमानों की हो रही सर्वत्र ही सहकार
भलमानसी जग में हो गई जहाँ बेकार
पढ़े लिखे युवा में बढ़ गई बेरोजगार
फिर क्यूं मौन है राज्य की सरकार

फैशन की अंधी चल पड़ी है जहाँ राज
पश्चिमी सभ्यता की है सर पे सरताज
संस्कार की अब ना है समाज में काज
सफेदपोश के दिल में छुपी है बाज

# बैटरी पुनर्चक्रण को केवल कचरा प्रबंधन के रूप में नहीं, बल्कि एक आर्थिक अवसर रूप में भी देखना चाहिए

आज दुनिया बैटरी पर चल रही है। सुबह के अलार्म से लेकर रात में टीवी का रिमोट बंद करने तक हमारी अंगुलियां दिन भर में दर्जनों बार बैटरी से चलने वाले उपकरणों को छूती हैं। हाथ में स्मार्टफोन, कलाई पर बंधी घड़ी, बच्चों के खिलौने, लैपटाप और अब हमारी सड़कों पर दौड़ती गाड़ियां भी बैटरी से ही चल रही हैं। यह तकनीकी प्रगति का उदाहरण है, जिसने हमारे जीवन को आसान और सुविधाजनक बना दिया है। मगर इस सुविधा का दूसरा पहलू भी है, उतना चमकील नहीं है। यह पहलू 'पहल है' इस्तेमाल की हुई बैटरियों के कचरे का, जो एक अदृश्य और खतरनाक संकट के रूप में हमारे सामने खड़ा हो रहा है। भारत जैसे-जैसे डिजिटल और इलेक्ट्रिक भविष्य की ओर बढ़ रहा है, यह समझना अनिवार्य हो गया है कि अगर हमने बैटरी कचरे का ठीक से प्रबंधन नहीं किया, तो हमारी प्रगति का मार्ग पर्यावरण और स्वास्थ्य के लिए एक विनाशकारी जाल बन सकता है। भारत दुनिया सबसे बड़े उपभोक्ता बाजारों में से एक है। हर वर्ष करोड़ों की संख्या में इलेक्ट्रानिक उपकरण खरीदे जाते हैं और उनके साथ आती हैं करोड़ों बैटरियां। इनमें 'पेंसिल सेल' जैसी छोटी क्षार बैटरियों से लेकर मोबाइल फोन और लैपटाप में इस्तेमाल होने वाली लिथियम-आयन बैटरियां और गाड़ियों तथा इनवर्टर में लगने वाली भारी-भरकम लेड एसिड बैटरियां तक शामिल हैं। सरकार की 'फेम इंडिया' जैसी योजनाओं के माध्यम से इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की नीति स्वागत योग्य है, लेकिन इसके परिणामस्वरूप आने वाले दशक में लिथियम-आयन बैटरियों का कचरा तेजी से हमारे शहरों में फैलेगा। सवाल है इन लाखों बैटरियों का जीव जीवनकाल समाप्त होने पर उनका क्या होगा? अगर हम इन्हें साधारण कचरे की तरह फेंकते रहे, हम अपने ही र में एक जहरीला 'टाइम बम' लगा रहे होंगे। है। बैटरी कचरे को खतरनाक बनाने वाली चीज इसके अंदर मौजूद रसायन । बाहर से ठोस और सुरक्षित दिखने वाली हर बैटरी के भीतर भारी और विषैली धातुओं का एक मिश्रण होता है। उदाहरण लिए, हमारी गाड़ियों और इनवर्टर में इस्तेमाल होने वाली लेड एसिड बैटरियों में सीसा (लेड) और सल्फ्यूरिक एसिड होता है। सीसा शक्तिशाली न्यूरोटाक्सिन है, यानी यह सीधे हमारे तंत्रिका तंत्र पर हमला करता है। जब इन बैटरियों को अवैज्ञानिक तरीके से तोड़ा या फेंका जाता है, सीसा मिट्टी में और फिर भूमिगत जल मिल जाता है। यह धीरे-धीरे हमारी खाद्य श्रृंखला में प्रवेश करता है। फिर यह पानी, सब्जियों और अनाज के माध्यम से हमारे शरीर में पहुंचता है। बच्चों के लिए यह विशेष रूप से घातक है। सीसे के संपर्क में आने से बच्चों का मानसिक और शारीरिक विकास रुक सकता है। उनकी सीखने की क्षमता कम हो सकती है और व्यवहार संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। दूसरी ओर, आधुनिक उपकरणों और इलेक्ट्रिक वाहनों की जान कही जाने वाली लिथियम-आयन बैटरियां भी दूध की धुली नहीं हैं। इन्हें अक्सर 'हरित विकल्प' माना जाता है, लेकिन इनके कचरे का प्रबंधन भी बड़ी चुनौती है।


विजय गर्ग

# अर्थतंत्र की ताकत और विज्ञान की भूमिका राष्ट्र के विकास के लिए सर्वोपरि

वर्तमान समय में वैश्विक प्रगति और आर्थिक स्त्रोत तंत्र के लिए आधुनिक तथा वैज्ञानिक शिक्षा जरूर अत्यंत आवश्यक है। हमे केवल आधुनिक विचारधारा शिक्षा पद्धति पर निर्भर न रहकर अपनी सांस्कृतिक परंपराओं और सनातन संस्कृति के धरातल से जुड़ना होगा। तब जाकर सनातनी सांस्कृतिक, विचारधारा एवं आधुनिक वैज्ञानिक शिक्षा पद्धति का संतुलन यथोचित तरीके से हो पाएगा। भारत का सांस्कृतिक, सनातनी, वैदिक इतिहास सदैव गौरवपूर्ण रहा है। वेदों पुराणों और सनातनीं संस्कारों में इतनी शक्ति है कि भारतीय संस्कृति अनंत काल तक कभी नष्ट नहीं हो सकती है। भारतीय संस्कृति का लचीलापन एवं व्यापक ग्राह्यता इतनी विशाल है कि इस सभ्यता ने कई सभ्यताओं को अपने में समाहित कर एक विशाल धर्मनिरपेक्ष वातावरण तैयार किया है और वट वृक्ष की तरह अपनी शाखाएं वैश्विक स्तर पर प्रचारित, प्रसारित की है। यह वैदिक अध्यात्म योग और संस्कृति का ही प्रतिफल है कि भारत के नागरिक विश्व में चहुंओर निवास कर रहे हैं। अब समय आ गया है कि भारत को अपनी संस्कृति आध्यात्मिक तथा संस्कारों के आत्म बल के दम पर विश्व का नेतृत्व करना होगा एवं विश्व गुरु बनने की प्रक्रिया में नए नए सोपान निर्मित करने होंगे। प्रारंभ से ही शांति तथा मानवता को लेकर भारत में अपनी विकास यात्रा प्रारंभ की है आध्यात्मिक चिंतन और सनातनी इतिहास इस बात का गवाह है कि भारत विश्व शांति की बहाली के लिए विश्व को मार्गदर्शन देने का हौसला तथा क्षमता दोनों रखता है। अब यह समय आ चुका है कि भारत को विश्व का मार्गदर्शी प्रणेता बन जाना चाहिए। जिंदगी का कैनवास जन्म से लेकर मृत्यु तक समुद्र की तरह विराट और गहराई लिए हुए होता है। जीवन में वयक्तिक, पारिवारिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, सामाजिक विकास की संभावनाओं के साथ मनुष्य अपना जीवन प्रारंभ कर विकास तथा ऊंचाइयों को प्राप्त कर सकता है। बशर्ते उसके व्यक्तित्व में जीवन के प्रति जीजिविषा, संघर्ष करने की क्षमता, आत्म विश्वासके घटक मौजूद हों। ऐतिहासिक तौर पर भारतीय विकास की सांस्कृतिक संरचना एवं संस्कार के मूलभूत तत्वों को लेकर दुनिया में अभूतपूर्व रही है। वैसे भी भारतवर्ष सभ्यता से लेकर संस्कृति के मामले में वैभवशाली इतिहास को समेटे हुए हैं। विकास और प्रगति के सोपान को एक दिन, वर्ष या दशक में रेखांकित नहीं किया जा सकता, यह एक निरंतर, सतत एवं समय के साथ चलने वाली क्रिया की प्रतिक्रिया है। प्रकृति सभ्यता तथा मानव जीवन में परिवर्तन एक अकाट्य सत्य और शाश्वत अभिक्रिया है। व्यक्ति के जीवन तथा समाज या देश में विकास के संदर्भ में एवं घटकों को प्रारंभ से आदमी का धन उपार्जन, गरीबी भुखमरी से लड़ाई भूतकाल की कुरीतियों की विडंबना से संघर्ष का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। किसी भी राष्ट्र के राजा, सम्राट या राष्ट्र प्रमुख की अपनी क्षमता, शक्ति, ऊर्जा और उसके विवेक से उस राष्ट्र की प्रगति विशाल या न्यूनतम होती देखी गई है। भूतकाल में कई संघर्षशील एवं उत्साह से लबरेज यात्रियों के वृतांत हमारी नजरों में आए हैं यथा कोलंबस और वास्कोडिगामा जैसे अत्यंत ऊजार्वान संघर्षशील और साहसिक यात्रियों द्वारा लगभग नामुमकिन रास्तों की खोज कर एक मिसाल कायम की है। नेपोलियन का एक बड़ा सूत्र वाक्य था कुछ भी असंभव नहीं है। बिस्मार्क जर्मनी के एक ऐसे सम्राट रहे हैं जिनके बारे में कहा जाता है की उनके हाथों में दो गेंद तथा 3 गेंदें हवा में होती थी, यूरोप का जादूगर भी कहलाता था, पूर्व से ही समुद्रगुप्त, कनिष्क, सम्राट अशोक, चंद्रगुप्त मौर्य, शेरशाह सूरी जैसे शासकों का अदम्य आत्मविश्वास एवं संघर्ष करने की क्षमता के फल स्वरुप भी भारत आज इस स्वरूप में विद्यमान है।

अर्थशास्त्रीय दृष्टिकोण से भी किसी भी राष्ट्र में सदैव विकास वैभव और आर्थिक तंत्र को मजबूत करने की संभावनाएं अवस्थित रहती हैं। भारत की विशाल जनसंख्या को देखते हुए भारत में गरीबी, भुखमरी, बाढ़ तथा अन्य विभीषिका सदैव आती जाती रहती हैं। विशाल जनसंख्या के होने के कारण भारत में ही भारत की बड़ी जनसंख्या गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही है और केवल भारत के कुछ नागरिकों को ही सारी जीवन की सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं, बाकी लोग इन सुविधाओं से वंचित भी हैं। हमारा देश स्वतंत्रता के बाद से ही आवाज की कमी भूख गरीबी भ्रष्टाचार काला धन हवाला कुपोषण बेरोजगारी की बड़ी समस्याओं से जूझ रहा है।


संजीव ठाकुर

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# शिक्षक एवं छात्र सम्मान समारोह की बनी रूपरेखा : प्रदीप शर्मा




**वेलकम इंडिया**

**मुरादाबाद।** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा महानगर इकाई की बैठक में आगामी 4 सितंबर को होने वाले शिक्षक एवं छात्र सम्मान समारोह की रूपरेखा बनाई गई। लाइनपार स्थित दिव्य सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज में हुई बैठक में ब्राह्मण समाज के मार्गदर्शक डॉ प्रदीप शर्मा ने कहा कि गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी यह समारोह भव्य रूप में दिल्ली रोड स्थित व्हाइट हाउस में आयोजित किया जाएगा। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक- शिक्षिकाओं एवं बोर्ड परीक्षाओं में अच्छे अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। महानगर अध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संयुक्त शिक्षा निदेशक मनोज कुमार द्विवेदी, अति विशिष्ट अतिथि सह जिला विद्यालय निरीक्षक शतानंद शर्मा रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडे करेंगे। बैठक में सभी से कार्यक्रम को भव्य बनाने में सहयोग का आह्वान किया गया। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष विमलेंद्र शर्मा, प्रेम प्रकाश शर्मा, दिनेश कुमार शर्मा, संजय स्वामी, राजेंद्र मोहन शर्मा, रमेश चंद्र शर्मा, राजकुमार शर्मा, अनिमेष शर्मा, रत्नेश शर्मा, वेद प्रकाश शर्मा, अवधेश पाठक, अभिषेक चतुवेर्दी, मयंक शर्मा, पीपी शर्मा आदि रहे। महानगर महामंत्री सुनील कुमार शर्मा ने बैठक का संचालन किया।

# कमिश्नर आनंजय कुमार एक साल का कार्यकाल बढ़ाने से सिख समाज ने गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में अरदास की गई



**वेलकम इंडिया**

**रामपुर।** गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में कमिश्नर आनंजय ? कुमार का 1 साल का कार्यकाल बढ़ाने पर सिख समाज की ओर से गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में अरदास की गई उसके बाद सिख समाज की ओर से रेलवे स्टेशन पर आतिशबाजी की गई वह मिठाई वितरण की गई वीर खालसा सेवा समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह ने कहा कमिश्नर आनंजय कुमार जी ने? हमेशा ही जरूरतमंद लोगों की मदद की है? और हमेशा ही गरीब लोगों के साथ खड़े रहते हैं गुरुद्वारा प्रधान सरदार निर्मल सिंह ने कहा कमिश्नर जी की सेवाओं को बुलाया नहीं जा सकता वह हमेशा ही समाज के साथ खड़े होते हैं इस मौके पर लखविंदर सिंह दलवार सिंह? गुलशन? अरोड़ा सरदार सुरेंद्र सिंह सेवा सिंह सुरजीत सिंह गुरनाम सिंह सविंदर सिंह सरदार मनमीत सिंह सुरेंद्र सिंह ? कुलजीत जुनेजा सनी कपूर? जगजोत सिंह हरभजन सिंह बत्रा बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# दा हेजल मून विद्यालय परिवार द्वारा श्री गणेश भगवान की स्थापना की गई



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**चांदपुर :** सुख कर्ता-विघ्न हरता, मंगल मूर्ती श्री गणेश भगवान की चतुर्थी पर ₹दा हेजल मून स्कूल रौनिया में सम्पूर्ण विद्यालय परिवार तथा समस्त चांदपुर क्षेत्र वासियों की सुख, शांति, समृद्धि, के उद्देश्य से श्री गणेश भगवान की स्थापना की गई। जिसमें अरविंद कुमार चेयरमैन, नीरू गुप्ता, अम्बर मित्तल, तथा विद्यालय की प्राचार्या गरिमा सिंह एवं विद्यालय स्टॉप इत्यादि ने पूजा अर्चना में भाग लिया। पूजा अर्चना का समस्त कार्य महंत पं० रविन्द्र भारद्वाज संघर्षी (दिव्य श्री राम कथा व्यास ) श्री विष्णु धाम मंदिर व आश्रम मौ० गोकुल नगर (सिलारा) चांदपुर बिजनौर के मार्ग दर्शन में सम्पन्न हुआ।

# उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने हाउस टैक्स वॉटर टैक्स को लेकर जॉइन मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौपा



**वेलकम इंडिया**

**रामपुर।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल कार्यालय तिलक नगर कॉलोनी से व्यापार मंडल के पदाधिकारी और व व्यापारी साथी इकट्ठा होकर नगर जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे वहां पहुंचकर उन्होंने जोरदार नगर पालिका के खिलाफ नारेबाजी की और ज्ञापन जॉइन मजिस्ट्रेट को सौपा इस पर संगठन के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश अग्रवाल ने कहा कि पूरे नगर रामपुर में लगातार वर्ष 2019 से अब तक का हाउस टैक्स व वाटर टैक्स 50 गुना लगभग बढ़ा दिया गया है और अंधाधुंध नोटिस जारी नगर पालिका परिषद द्वारा किए जा रहे हैं नगर पालिका परिषद रामपुर द्वारा बढ़ाया गया हाउस ट्रैक्स व वॉटर टैक्स समाप्त नहीं कराया गया है जबकि व्यापार मंडल द्वारा लगातार आम जनता के ऊपर हो रहे जुल्म व अत्याचार को रोकने हेतु आवाज वुलन्द की जा रही है आम जनता व्यापारी समाज व नगर पालिका सीमा के अंतर्गत आने वाले हैं उद्योगो व लघु उद्योगों पर भी भारी भरकम टैक्स वसूलने की तैयारी चल रही है जबकि रामपुर शहर अर्थव्यवस्था की दृष्टि से अधिक पिछड़ा शहर है यहां से रोजगार के अभाव में 40% जनता यहां से दूसरे प्रदेशों अन्य देशों पलायन कर चुके हैं हाउस टाइप का वॉटर टैक्स के 50 गुना बढ़ने से पूरे शहर में त्राहि त्राहि ट्राई मच गई है चारों ओर इस टैक्स से कोहराम मच गया है जनता में अब नगर पालिका परिषद की दहशत जनता के दिल में बैठ गई है जनता का रोते-रोते बुरा हाल है जबकि संज्ञान में आया है कि गाजियाबाद नगर निगम में जनप्रतिनिधियों के सभी के सहयोग से नगर निगम गाजियाबाद की बोर्ड की बैठक में टैक्स बढ़ाए जाने का प्रस्ताव निरस्त कर दिया गया है इस अवसर जिला अध्यक्ष राजीव शर्मा, युवा जिला अध्यक्ष अरविंद गुप्ता, व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष दिलशाद हुसैन ,जिला सचिव फईम अहमद, मंडल अध्यक्ष अब्दुल वासिक,प्रदेश मंत्री पप्पू खान, प्रदेश उपाध्यक्ष राज बहादुर यादव ,प्रचार मंत्री मंसूर खान उर्फ ( शब्बू )शादाब खान जिला प्रचार मंत्री शहाब खान जिला सचिव आदि सैकडो पदाधिकारी मौजूद रहे।

# एम.डी. इंटरनेशनल सीनियर सेकंडरी स्कूल रवाना शिकारपुर में गणेश चतुर्थी मनाई




**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर :** राजा का ताजपुर के निकटवर्ती ग्राम रवाना शिकारपुर के प्रसिद्ध एवं अपने अनुशासन के लिए लोकप्रिय विद्यालय एम.डी. इंटरनेशनल सीनियर सेकंडरी स्कूल रवाना शिकारपुर में गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर विद्यालय प्रांगण में भगवान श्री गणेश की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित किया। कार्यक्रम में प्रबन्धक देवेन्द्र सिंह तथा प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने समस्त स्टाफ और विद्यार्थियों के साथ कार्यक्रम को उत्साहित रूप से मनाया। कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को मिष्ठान्न वितरित किया गया।

# शुएब यूनुस ने लगातार तीसरी बार उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग मिनिस्टीरियल एसोसिएशन मुरादाबाद मंडल चुनाव में जीत हासिल की



**वेलकम इंडिया**

**रामपुर।** आल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष खान शुएब यूनुस ने लगातार तीसरी बार उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग मिनिस्टीरियल एसोसिएशन मुरादाबाद मंडल चुनाव में जीत हासिल की जिसमे लगातार मुबारकबाद का सिलसिला जारी हैं।

उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग मिनिस्टीरियल एसोसिएशन लखनऊ के 41वें महाधिवेशन जो लखनऊ में दिनांक 23 व 24 अगस्त को संपन्न हुआ उसमे मुरादाबाद क्षेत्र से महामंत्री पद पर खान शोएब यूनुस ने अच्छे बहुमत के साथ जीत हासिल करने के बाद अपने निवास जनपद रामपुर पहुंचते ही सबसे पहले बाबर खान राष्ट्रीय अध्यक्ष ऑल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन के निवास स्थान मोहल्ला घैर मियाँ खान डिग्री कॉलेज रोड रामपुर पर पहुंचकर उनसे मुलाकात की। इस मुलाकात के मौके पर बाबर खान के निवास पर जनपद देवरिया गोरखपुर से आए हुए हाफिज शहादत हुसैन अंसारी प्रदेश वरिष्ठ महासचिव ऑल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन ने खान शोएब यूनुस से मुलाकात करते हुए फूल माला पहनाकर मुबारकबाद पेश की। बाबर खान और सभी साथियों ने खान शोएब यूनुस को फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर मोहम्मद जमीर रिजवी एड., राहत जान खान, बाबू खान, मोहसिन खान, मौलाना शादाब कादिरी, हाजी जलीस, असलम खान आदि मौजूद थे।

# भारतीय जनता पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल अधीक्षण अभियंता से मिला

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर के नजीबाबादअधीक्षण अभियंता विद्युत आपूर्ति से मिला भाजपा प्रतिनिधि मंडल भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा की जिला अध्यक्ष सुधीर भुईयार के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल अधीक्षण अभियंता पश्चिमांचल विद्युत वितरण खंड आवास विकास बिजनौर स्थित उनके कार्यालय में उनसे मिला प्रतिनिधिमंडल ने विद्युत संबंधित कई विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए सरकार की मंशा के अनुरूप स्थानीय उपभोक्ताओं को निर्वाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने की बात रखी इस पर अधीक्षण अभियंता इंजीनियर उदय प्रताप सिंह ने कहा कि सरकार की मंशा है कि आमजन को अधिक से अधिक निर्वाध रूप से सुचारू विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराना है जिसके लिए हम लगातार प्रयासरत रहते हुए अधिक से अधिक सुचारू विद्युत आपूर्ति उपलब्ध करा रहे हैं चौधरी ईशम सिंह ने रोस्टिंग कम से कम करने,मीटर रीडरों से प्रतिमाह बिल निकालने की व्यवस्था और सुदृढ़ करने की मांग की प्रतिनिधि मंडल में चौधरी ईशम सिंह, जिला महामंत्री अनुसूचित मोर्चा बी एस रवि,अरविंद विश्वकर्मा, पूर्व अध्यक्ष चौधरी योगेंद्र सिंह, परविंदर शर्मा, आदि उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश जनहित गारंटी कानून के बोर्ड सरकारी कार्यालय के बाहर लगाए जाने की मांग

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**

**जनपद** बिजनौर के नजीबाबाद आरटीआई कार्यकर्ता ने उत्तर प्रदेश जनहित गारंटी कानून के बोर्ड सरकारी कार्यालय के बाहर लगाए जाने की मांग की है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भेजे एक पत्र में आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने बताया कि पूर्व में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा जनहित की सेवाओं को समयबद्ध तरीके उपलब्ध कराने के उत्तर प्रदेश जनहित गारंटी अधिनियम को लागू किया गया था जिसका मुख्य उद्देश्य आम जनता को समयबद्ध तरीके से सेवाएं उपलब्ध कराना है। अधिनियम के तहत पदाभिहित अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।नियम के अनुसार, पदाभिहित अधिकारी के आदेश के खिलाफ 30 कार्य दिवस में प्रथम अपील की जा सकती है। वही प्रथम अपील के आदेश के विरुद्ध 60 कार्य दिवस में द्वितीय अपील का प्रावधान है। यदि निर्धारित समय में आवेदन का निस्तारण नहीं होता है, तो आवेदक 30 दिन के भीतर प्रथम अपीलीय अधिकारी के समक्ष अपील कर सकते हैं।इसके अलावा प्रत्येक कार्यालय को अपने बाहर एक बोर्ड लगाना होगा। इस बोर्ड पर पदाभिहित अधिकारी, प्रथम और द्वितीय अपीलीय अधिकारियों का पूरा विवरण होना चाहिए। इसमें उनके पदनाम, दूरभाष नंबर, कार्यालय का पता और सेवाओं की समय सीमा का उल्लेख अनिवार्य है परंतु अभी भी कई सरकारी कार्यालयो के बाहर उक्त बोर्ड नहीं लगे हुए हैं जिस कारण से वर्तमान में कई जनहित के कार्य आम जनमानस के समय से हल नहीं हो रहे हैं।

# गांव को छोड़कर ग्रामीण नदी किनारे अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए हैं, आखिर क्यों ?

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



जनपद बिजनौर के बढ़ापुर,क्षेत्र के गांव में गांव के दोनों और नदी होने के कारण बरसात के दिनों में पूरे दिन बैठकर घरों में लोग नदी का बहाव कम होने का इंतजार करते हैं इसके चलते कभी-कभी अनहोनी भी हो जाती है।लोग जान जोखिम में डालकर नदियों को पार करते हैं। बढ़ापुर क्षेत्र के उत्तर में बहने वाली पहाड़ा नदी जब अपने उफान पर होती है तब उस नदी को पार करने के लिए ग्रामीणों को काफी जोखिमों का सामना करना पड़ता है गौरतलब है कि गांव काशीवाला, बहेड़ी, धरमुवाला, चकउदयचंद, सरदारपुर व रसीदपुर अन्य तमाम गांव के लोग दोनों और नदियों से घिरे हैं बरसात के दिनों में जब बारिश पड़ती है और नदियां उफान पर होती हैं तब इन तमाम गांव के लोग कस्बे व मुख्यालय तक पहुंचाने के लिए नदियों का पानी उतरने का इंतजार करते हैं।यहां तक की कभी-कभी गांव में बीमारों की नदी में पानी होने की वजह से मौत भी हो जाती है। ताजा मामला अभी लगभग 20 दिन पूर्व एक बीमार की अचानक गांव में तबीयत खराब हुई व बीमार को कस्बे तक ले जाने के लिए कई घंटे पानी कम होने का इंतजार करना पड़ा जिससे बीमार की नदी के किनारे ही मौत हो गई आधा दर्जन गांवों के लोग नदी पार करने के लिए बरसात के दिनों में कस्बे में मुख्यालय तक पहुंचाने के लिए पूरा दिन पानी उतरने का इंतजार करते हैं जिससे तमाम दुर्घटनाएं गांव में ही हो जाती हैं बीमारों को गांव में ही रहना पड़ता है। बैल बुग्गियों ट्रैक्टर ट्रालियों पर लाद कर लोग अपनी बाइकों को जान जोखिम में डालकर नदी पार कराते हैं कभी-कभी पानी बहाव ज्यादा होने की वजह से बैल बुग्गी भी पलट जाती है। और लोगों की जान पर खतरा बनता है गांव के तैराकों के द्वारा लोगों को निकाला जाता है। ऐसी ही तमाम परेशानियों को लेकर ग्रामीण अक्सर प्रशासनिक अधिकारियों राजनेताओं से गांव की नदी पर पुल के निर्माण की मांग अक्सर करते रहें हैं।

# पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की बैठक का हुआ आयोजन

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**




नजीबाबाद,पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की एक महत्त्वपूर्ण बैठक नगर नजीबाबाद में प्रदेश मंत्री राजन टंडन गोल्डी की अध्यक्षता और रूस्तम यादव के संचालन में आयोजित हुई बैठक में मुख्य अतिथि और चुनाव अधिकारी के रूप में विनीत राजपूत प्रदेश सह कोषाध्यक्ष, और सह चुनाव अधिकारी के रूप में मुकेश अग्रवाल टिंकू, शोभित मित्तल रहे, विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश महामंत्री महिला मोनिका यादव,आयशा सिद्दीकी, रुकैया अंसारी,तस्लीम सिद्दीकी, उपस्थित रहे॥ बैठक में नगर नजीबाबाद इकाई के लिए अंकित राजपूत को नगर अध्यक्ष, माधव महेश्वरी महामंत्री, गौरव टांक कोषाध्यक्ष, मनोनीत किये गए, युवा इकाई में शाकिर शालू युवा अध्यक्ष, नवाब वारसी युवा महामंत्री,महिला इकाई में इंदु रानी सभासद, महिला अध्यक्ष, गीता राज महामंत्री, सीमा कोषाध्यक्ष मनोनीत की गयी, नगर इकाई गुनियापुर के नगर अध्यक्ष मोहित चौधरी, महामंत्री रजनीश कुमार मनोनीत हुये, नगर इकाई सहानपुर के अध्यक्ष पद पर संजीव भुईयार,और महामंत्री पद पर राजीव शर्मा की नियुक्ति हुई, नगर इकाई बढ़िया के लिए नरेंद्र सिंह अध्यक्ष, सरदार मनजीत सिंह महामंत्री निर्वाचित हुये, इस अवसर पर देवेन्द्र सिंह को तहसील प्रभारी मनोनीत हुये, बैठक को संबोधित करते हुये मुख्य अतिथि विनीत राजपूत ने कहा की पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल एक व्यापारी संगठन नहीं बल्कि सशक्त सामाजिक संगठन है हमारे संगठन में अनैतिक कार्य करने वालों को कोई स्थान नहीं है विनीत राजपूत ने कहा की 14 सितम्बर दिन रविवार को बिजनौर में होने वाला व्यापारी महासम्मेलन एतिहासिक होगा बैठक में सभी नव मनोनीत पदाधिकारीयो को मनोनयन पत्र दिए गये बैठक में हिमांशु तायल, अखिल कणवाल, सरताज, नदीम, संजय अग्रवाल, शरीफ शेख, राजीव प्रजापति, डॉ0 राजू घाघट,दिलशाद, रुचि शर्मा, प्रीति जैन, फरिना,पूनम ठाकुर, मनीषा, शोभा, राधा, विनीता गहलौत, आदि उपस्थित रहे।

# हमारा विद्यालय - हमारा स्वाभिमान: 1 सितंबर को 5 लाख स्कूलों में गूंजेगा संकल्प



वेलकम इंडिया

**टाण्डा।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने हमारा विद्यालय - हमारा स्वाभिमान राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत 1 सितंबर को देश के 5 लाख से अधिक विद्यालयों में एक साथ संकल्प कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारियां शुरू कर दी हैं। इस क्रम में बुधवार को ब्लॉक भगतपुर-टांडा के अध्यक्ष सुरेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में संघ के पदाधिकारियों ने नेकपुर स्थित खंड शिक्षा अधिकारी मोहित कुमार से मुलाकात की और उन्हें हमारा विद्यालय - हमारा स्वाभिमान, संकल्प पत्र सौंपा। बीईओ मोहित कुमार ने महासंघ के शैक्षिक उन्नयन और शिक्षकों के मनोबल संवर्धन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम शिक्षकों और बच्चों में नई ऊर्जा का संचार करेंगे तथा राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी का बोध जगाएंगे। ब्लॉक अध्यक्ष सुरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि इस अभियान में देशभर के करोड़ों विद्यार्थी और लाखों शिक्षक प्रार्थना सभा में हमारा विद्यालय - हमारा स्वाभिमान का संकल्प लेंगे। जनपद के सभी विद्यालयों में भी यह कार्यक्रम उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के तत्वावधान में आयोजित होगा। ब्लॉक महामंत्री संजय सैनी ने कहा, इस अभियान का लक्ष्य शिक्षा को केवल ज्ञान तक सीमित न रखकर चरित्र निर्माण और समाज सेवा का सशक्त माध्यम बनाना है। इस अवसर पर सुरेंद्र पाल सिंह (ब्लॉक अध्यक्ष), संजय सैनी (महामंत्री), अरविंद कुमार (संयुक्त मंत्री), मौ. अनीस (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), सुभाष चंद्र (उपाध्यक्ष), अंजुला सिंह (उपाध्यक्ष, महिला वर्ग), चंद्र प्रकाश पंत (उपाध्यक्ष), प्रेमपाल सिंह (संगठन मंत्री), मौ. लईक सैफी (मीडिया प्रभारी), संजय सिंह (मंत्री), सुमित कुमार, रूचि कश्यप, रचना चौहान, श्वेता रानी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जानलेवा हमले के आरोपी चेयरमैन के भाई की जमानत अर्जी खारिज

जाकिर तुर्क वेलकम इंडिया



**मेरठ।** नगर पंचायत शाहजहांपुर के चेयरमैन और उसके परिवार के लिए बड़ी राहत की उम्मीद पर अदालत ने पानी फेर दिया। 2016 में हुए जानलेवा हमले के मामले में आरोपी चेयरमैन के भाई रजी उर्फ रहमान की जमानत अर्जी न्यायालय ने खारिज कर दी। अदालत में पेश हुई अर्जी पर सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने कड़ा विरोध करते हुए कहा कि अभियुक्त पर गंभीर धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज है। अभियुक्त व उसके साथियों ने मिलकर गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला किया और जानलेवा चोटें पहुंचाईं। अभियोजन ने यह भी तर्क दिया कि अभियुक्त लंबे समय से फरार था और पुलिस की पकड़ से बचता रहा। अदालत ने भी अभियोजन पक्ष के तर्कों को सही ठहराया और कहा कि अभियुक्त पर लगे आरोप अत्यंत गंभीर प्रकृति के हैं। केस डायरी और परिस्थितियों के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि अभियुक्त की भूमिका हमले में सक्रिय रही है। इस आधार पर अदालत ने अभियुक्त को जमानत देने से साफ इनकार कर दिया। गौरतलब है कि इस मामले में शाहजहांपुर के चेयरमैन और उसका एक अन्य भाई मुत्तालिब भी नामजद आरोपी हैं, जो अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। वहीं, रजी उर्फ रहमान की गिरफ्तारी घटना के करीब 9 साल बाद हुई है। इस दौरान अदालत से उसके खिलाफ 26 बार गैर-जमानती वारंट (ठइह) जारी हो चुके थे। जानकारी के अनुसार, वर्ष 2016 में कस्बा शाहजहांपुर में हुई मारपीट की घटना में आरोपियों ने शाहजहांपुर की चेयरपर्सन के भाई व पति समेत परिवार के कई लोगो पर लाठी-डंडों से हमला कर गंभीर चोटें पहुंचाई थीं। उसी मामले में चेयरमैन और उसके भाइयों सहित कई लोगों के खिलाफ धारा 147, 148, 452, 323, 504 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था जिसमे विवेचना के बाद धारा 307, 325 की वृद्धि की गई थी न्यायिक मजिस्ट्रेट/अपर सिविल जज (जूनियर डिवीजन) न्यायालय संख्या-2 मेरठ ने अभियुक्त की दूसरी जमानत अर्जी को 26 अगस्त 2025 को खारिज कर दिया। अदालत के इस आदेश से चेयरमैन व उसके परिवार की मुश्किलें और बढ़ गई हैं।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में उत्कृष्ट कार्य करने पर मनोज पांडे हुए समान्नित



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,** जिले में एलआईयू में तैनात मनोज पांडे को पुलिस अधीक्षक चन्द्र शेखर घोड़के ने उत्कृष्ट कार्य करने हेतु उत्कृष्ठ सम्मान देकर पुरुस्कृत किया है।अपनी मेहनत, लगन, और निष्ठा भाव से मिले दायित्व का निर्वहन करने हेतु और अभिसूचना इकाई में बेहतर कार्य करते हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में उत्कृष्ट कार्य करने पर पुलिस अधीक्षक ने उन्हें सम्मानित किया है।मालूम हो कि कोरोना काल मे लोगों को कोरोना से बचाव हेतु जागरूक करने, के साथ साथ मित्र पुलिस में कार्य करते हुए समाज मे किसी भी असहाय व्यक्ति को उचित सहयोग मार्गदर्शन देने के साथ साथ मानवीय सेवा भाव से जरूरतमंद मरीजों को रक्तदान करने और कई मरीजो को जीवनदान देने हेतु और अन्य लोगों को भी रक्तदान हेतु प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका एलआईयू में तैनात पुलिस कर्मी मनोज पांडे की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।मनोज प्रति तीन माह में एक मरीज को जीवनदान देने हेतु रक्तदान करते हैं।

# विधायक ने सामुदायिक केंद्र निर्माण कार्य का किया शिलान्यास और लोकार्पण

असदुल्लाह सिद्दीकी




**शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर।** विकास खंड शोहरतगढ़ के महदेवा नानकार में एकीकृत विकास योजना के तहत सामुदायिक केंद्र निर्माण कार्य का बुधवार को विधायक विनय वर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजन-अर्चन कर भूमिपूजन और लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार व राज्य सरकार की ओर से जन कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं।सामुदायिक केंद्र 80.81 लाख रुपये की लागत से बनेगा। विधायक ने कहा कि सामुदायिक केंद्र के बनने से महादेवा नानकार व सेमरा गांव की बहन-बेटियों के विवाह के लिए एक बढ़िया आयोजन स्थल मिल जाएगा। उन्होंने कहा कि विधायक का काम किसी भी विकास परियोजना को शासन से मेहनत करके लाना है और उसे मानक के अनुसार बनवाना कार्यदायी संस्था व विभागीय अधिकारी की जिम्मेदारी है। अगर मानक के अनुरूप काम नहीं हुआ तो जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई तय है। इसके बाद विधायक पल्टादेवी में पर्यटन विभाग के द्वारा मंदिर में 56.79 लाख रुपये से करवाए गए विकास कार्यों का लोकार्पण करने पहुंचे। मंदिर पर विभागीय अधिकारियों की ओर से शिलापट्ट भी न लगवाए जाने से नाराज विधायक ने लोकार्पण करने से मना कर दिया। मौके पर मौजूद जिला पर्यटन अधिकारी प्रिया सिंह व विभाग के प्रोजेक्ट मैनेजर से उन्होंने मंदिर परिसर में हुए विकास कार्यों के बारे में पूछा। इस दौरान लगे पत्थर के क्षतिग्रस्त होने पर भी उन्होंने रोष व्यक्त करते हुए पत्थर को बदलवाने के बाद ही भुगतान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्य की पूरी रिपोर्ट देने की बात भी कही। इस दौरान पल्टादेवी महंत घनश्याम गिरी, बबलू गिरी, प्रदीप कमलापुरी, रामदास मौर्य, दीनानाथ पांडेय, मयंक आदि मौजूद रहे।

## न्यायालय और आरटीई के आदेशों की हो रही अनदेखी शिक्षकों की जान बूझ कर लगाई गई बीएलओ ड्यूटी-अध्यक्ष

वेलकम इंडिया

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ बाराबंकी ने जिलाधिकारी से मिल कर शिक्षकों को बीएलओ ड्यूटी से मुक्त किए जाने का अनुरोध किया। उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ बाराबंकी शाखा के अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह ने न्यायालय और आर टी ई एक्ट का हवाला देते हुए कहा कि शिक्षक को बीएलओ ड्यूटी लगाने से शिक्षण कार्य प्रभावित होता है साथ ही ऑनलाइन विभागीय कार्य भी डिले हो जाता है। अशोक कुमार सिंह ने कहा कि अन्य जनपदों में शिक्षकों को बीएलओ ड्यूटी से मुक्त किया जा चुका है। बाराबंकी के शिक्षकों को भी बी एल ओ ड्यूटी से मुक्त किया जाए। इसके पूर्व उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह के नेतृत्व में बी एस एस संतोष कुमार देव पाण्डेय से भी शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए मिला। विशेषकर जिन विद्यालयों में कम शिक्षक हैं या इंचार्ज शिक्षक हैं उनको ड्यूटी से मुक्त किया जाए, महामंत्री मो०इखलाक ने कहा कि जहां अन्य जनपदों में शिक्षकों को पुनरीक्षण ड्यूटी से मुक्त किया गया है वहीं बाराबंकी में शिक्षकों की बीएलओ ड्यूटी दस से बारह किलो मीटर की दूरी पर लगाई गई है। जबकि अन्य विभाग के कर्मचारी ड्यूटी से मुक्त हैं।

## ई-रिक्शा चोर को पुलिस ने 48 घंटे मे किया गिरफ्तार, चोरी के दो ई-रिक्शा बरामद



असदुल्लाह सिद्दीकी

**सिद्धार्थनगर।** सदर थाना पुलिस ने ई-रिक्शा चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को 48 घंटे मे गिरफ्तार कर लिया है। चोरी की घटना 25 अगस्त की रात को कठौवा इलाके में हुई थी। दो ई-रिक्शा चोरी होने की सूचना मिलते ही सिद्धार्थनगर थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी।

पुलिस ने कठौवा पुल के पास से आरोपी मुकेश कुमार को गिरफ्तार किया। पुलिस के मुताबिक आरोपी मुकेश कुमार ग्राम रखियहवां थाना कपिलवस्तु का रहने वाला है और वर्तमान में भीमापार में रह रहा था। पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी किए गए दोनों ई-रिक्शा बरामद कर लिए गए हैं। बरामद ई-रिक्शा के नंबर वढ55 अळ7256 और वढ55 अळ3016 हैं। थाना सिद्धार्थनगर के प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद के नेतृत्व में उपनिरीक्षक विनय कुमार सिंह, हेड कॉन्स्टेबल संजय कुमार यादव और हेड कॉन्स्टेबल बंशनाथ चौहान की टीम ने यह कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय भेजा गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## 18 घंटे गुल रही बिजली, उमस भरी गर्मी से रातभर परेशान रहे उपभोक्ता

**बिस्कोहर/सिद्धार्थनगर।** कस्बे के वार्ड नंबर 13 के उत्तर यादव डीह मार्ग पर मुख्य सड़क के समीप 100 केवीए के ट्रांसफार्मर में मंगलवार रात साढ़े 11 बजे के करीब ट्रांसफार्मर का तार ब्लास्ट हो गया और बिजली कट गई लोग घरों से बाहर निकल आए। ट्रांसफार्मर का तार ब्लास्ट होने से में सड़क मार्ग व मार्ग के आसपास बने घरों में अंधेरा छा गया। मामले की जानकारी स्थानीय लोगों ने फोन से विद्युत उपकेन्द्र कठौतिया के जेई को दी। जेई सिद्धार्थ शंकर गुप्ता के निर्देश पर एक कर्मचारी रात में मौके पर पहुंचे। तार ब्लास्ट होने से आपस में चिपक गए थे इस वजह से ट्रांसफार्मर सही नहीं कर सके।इधर बिजली न होने से मोहल्ले के लोग रात भर परेशान रहे। बुधवार दोपहर 12 बजे के करीब खामी ठीक की गई , जैसी ही सप्लाई प्राप्त हुई की दुबारा मुख्य फेस उड़ गया जिससे दिन पाली में भी शाम 6 बजे तक बिजली के संकट से लोगो जुझना पड़ा। जेई सिद्धार्थ शंकर गुप्ता ने बताया कि ट्रांसफार्मर का तार ब्लास्ट होने में से आपूर्ति बाधित हुई थी।

# युवाओं ने रॉकेट लांचर का किया सफलतापूर्वक परीक्षण

असदुल्लाह सिद्दीकी



**बिस्कोहर/सिद्धार्थनगर।** इटवा तहसील व त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के परसोहन घाट में सोमवार देर शाम अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में शैक्षिक अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए स्पेस दर्शन प्राइवेट लिमिटेड की ओर से एक रॉकेट लॉन्च सफलतापूर्वक किया गया। इस रॉकेट के लॉन्च की जानकारी मिलने के बाद सुरक्षा विभाग और पुलिस के लोग हैरत में आ गए। लांच करने वाला युवक बिस्कोहर का निवासी बताया जा रहा हैं जो वैज्ञानिक क्षेत्र में पढ़ाई कर रहे हैं उसी के तहत परीक्षण करने की बात सामने आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में शैक्षणिक अनुसंधान को बढ़ावा देते हुए सीरीज स्पेस के फाउंडर रत्नेश सोनी ने स्पेस दर्शन प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से एक महत्वपूर्ण शैक्षणिक रॉकेट लॉन्च सफलतापूर्वक संपन्न किया। इस लॉन्च का मुख्य उद्देश्य अमेरिका से आयातित ऑल्टीमीटर का परीक्षण करना था।

## फूल विक्रेता से फोन छीनने वाले आरोपी को चौक पुलिस ने दबोचा



निर्मल सैनी वेलकम इंडिया

**लखनऊ।** फूल मंडी फूल बेचने आए फूल विक्रेता कल्याण सिंह से मोबाइल फोन छीनने वाले आरोपी गजेन्द्र आदिवासी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आपको बता दें कि,बुधवार को चौक थाने पर हसनगंज क्षेत्र के मनकामेश्वर मंदिर नगर जोशी टोला निवासी कल्याण सिंह ने लिखित शिकायती पत्र देकर अभियोग पंजीकृत कराया था कि,वह फूल मंडी कमल के फूल बेचने आया था।जिससे एक मोटर साइकिल सवार ने मोबाइल छीन लिया।मामले को गंभीरता से लेते हुए, थाना प्रभारी चौक नागेश उपाध्याय,सहित चौकी प्रभारी रूमीगेट कुलदीप कुशवाहा,सहित आरक्षी दीपेश कुमार के साथ चारबाग के चार नंबर प्लेट फॉर्म निवासी गजेन्द्र आदिवासी को गिरफ्तार कर लिया।उसके पास से दो मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल बरामद कर।आस -पास के थानों में अपराधिक इतिहास के बारे में जानकारी की जा रही है।

## विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर स्थापित की गई गणेश प्रतिमाएं

**सिद्धौर बाराबंकी।** स्थानीय नगर पंचायत सिद्धौर में गणेश चतुर्थी पर्व पर बुधवार को विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर गणेश की प्रतिमाएं रखी गई। स्थानीय नगर पंचायत सिद्धौर में पूर्व वर्षों की भांति इस वर्ष भी पश्चिम कटरा निवासी राहुल यादव, बरगदहा में कपूर रावत, पूरे लंबौआ में राजेश नाग, मालवीय नगर में लकी सोनी सहित ग्रामीण क्षेत्रों में गणेश भक्तों ने गणेश चतुर्थी पर्व पर विधि विधान पूर्वक गणपति बप्पा मोरिया के उद्घोष के साथ पूजा अर्चना कर गणेश प्रतिमाएं रखकर पूजा अर्चना शुरू की गई।

# कांडा व्यापार मंडल के चुनाव हुए सम्पन्न

वेलकम इंडिया

**कांडा।** पंकज डसीला,कांडा व्यापार मंडल के चुनाव में अध्यक्ष पद पर जितेंद्र वर्मा ने जीत दर्ज की है।अध्यक्ष पद पर उम्मीदवार

जितेंद्र वर्मा को 59धीरज गढ़िया को38 नवीन धपोला को 22 मत पड़े। चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से समपन्न हुआ। जिला व्यापार मंडल अध्यक्ष बबलू नेगी की देखरेख में हुए चुनाव में चुनाव कमेटी में पीठासीन अधिकारी वीरेंद्र नगरकोटी मतदान अधिकारी दरपान सिंह धपोला, आलम मेहरा सेक्टर मजिस्ट्रेट हीरा सिंह कर्म्याल तेज सिंह नगरकोटी सुरेन्द्र मांजिला के मार्ग दर्शन में चुनाव सम्पन्न हुए।चुनाव जीतने के बाद उन्हें इस मौके पर प्रदेश संगठन से हरीश सोनी जिलाध्यक्ष बबलू नेगी जिलामहामंत्री अनिल कार्की जिला की मौजूदगी में चुनाव शांतिपूर्ण सम्पन्न हुए।चुनाव अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया।वही अध्यक्ष निर्वाचित होने पर अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा ने सभी व्यापारियों का आभार जताया और व्यापारियों के हितों के लिए कार्य करना अपनी प्राथमिकता बताया। इस दौरान व्यापारियों में प्रमोद भट्ट गुड्डू पाडेय अभय शाह निर्मल शाह दीप वर्मा सोनी माजिला प्रकाश पंत रोहित गढ़िया, घनश्याम कांडपाल प्रकाश नगरकोटी, हिमांशु कांडपाल, इस दौरान नगरकोटी, जानकी शाह, राजू पांडेय, नवीन रौतेला,भगवान माजिला, ब्बलू कांडपाल,उमाकांत मिश्रा सहित अन्य व्यापारी मौजूद थे।




# सीआईएसएफ ने हाइब्रिड बंदरगाह सुरक्षा मॉडल को मजबूत करने की दिशा में बढ़ाया कदम

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** देश के बंदरगाहों की सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने पहली बार निजी सुरक्षा कर्मियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत की है। यह पहल देश में हाइब्रिड बंदरगाह सुरक्षा मॉडल के निर्माण को मजबूती प्रदान करेगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह प्राधिकरण (जेएनपीए) मुंबई और चेन्नई बंदरगाह प्राधिकरण (सीएचपीए) में एक साथ किया गया। दो सप्ताह के बंदरगाह-सुविधा सुरक्षा पाठ्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों को बंदरगाह संचालन, खतरे की पहचान, आपातकालीन प्रतिक्रिया, अंतर्राष्ट्रीय जहाज एवं बंदरगाह-सुविधा सुरक्षा (आईएसपीएस) संहिता और आधुनिक सुरक्षा उपकरणों के उपयोग का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रथम चरण में जेएनपीए, डीपीए कांडला और एमपीए मुंबई के 40 निजी सुरक्षा कर्मियों ने मुंबई केंद्र में तथा एनएमपीए, केपीएल, सीएचपीए और वीओसीपीए के 26 कर्मियों ने चेन्नई केंद्र में नामांकन कराया है। आने वाले महीनों में यह कार्यक्रम अन्य बंदरगाहों तक विस्तारित किया जाएगा। चेन्नई में उद्घाटन अवसर पर सीएचपीए अध्यक्ष सुनील पालीवाल (आईएएस) ने कहा, यह पहल बंदरगाह सुरक्षा प्रबंधन में एक महत्वपूर्ण कदम है। वहीं सीआईएसएफ दक्षिण खंड के महानिरीक्षक सरवनन (भापुसे) ने कहा, केंद्रित प्रशिक्षण से सुरक्षा कर्मियों को पेशेवरिता के साथ अपने दायित्व निभाने में मदद मिलेगी। सीआईएसएफ यूनिट आईओसी मथुरा के इकाई प्रभारी डॉ. नीरज भारती कमाण्डेंट ने कहा कि यह कदम मौजूदा वैश्विक परिदृश्य और समुद्री सुरक्षा चुनौतियों को देखते हुए अत्यंत महत्वपूर्ण है। हाल ही में देशभर के बंदरगाहों पर एमएआरएसईसी स्तर-2 लागू किया गया था, जिससे सुरक्षा एजेंसियों के समन्वय और सतर्कता की आवश्यकता और बढ़ गई है।

# छाता में बैंड बाजे के साथ धूमधाम से निकली गणपति जन्मोत्सव की भव्य शोभायात्रा



वेलकम इंडिया

**मथुरा/छाता।** गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर गणपति महोत्सव शोभायात्रा का शुभारंभ बोहरे वाटिका से प्रारम्भ कर शेरगढ़ रोड गोवर्धन चौराहा सब्जी मंडी डाक बंगला होती हुई नगर में बैंड बाजो के साथ भ्रमण करती हुई रत्नेस्वर महादेव मंदिर पर गणपति बप्पा जी को विराजमान किया। गौरव अविरल शास्त्री द्वारा भाद्रपद मास की चतुर्थ को गणपति स्थापना कलश पूजन के साथ पूजा विधि विधान से सम्पन्न कराई गई जानकारी देते हुए आदित्य गुप्ता टीपू ने बताया गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर गणपति जी की स्थापना की गई जिसमें सनातन धर्म प्रेमी महिला पुरुषों नृत्य करते हुए गणपति पूजा में पूजन कर गणपति बप्पा से आशीर्वाद प्राप्त किया परिवार की सुख समृधि की कामना की शोभायात्रा में चंद्रेश वार्ष्णेय, टोनी गुप्ता, आकाश, दाऊजी वार्ष्णेय, लखन गुप्ता, बॉबी वार्ष्णेय अंकित, विवेक बृजवासी, धर्मेंद्र लोकेश गुप्ता, गोपाल वार्ष्णेय, लक्की भार्गव, नरेश, वरुण, ललित, छोटू, मुकेश, विष्णु, बंटी, अरुण, कमल आदि भक्तो ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

# प्रयागराज में परिषदीय विद्यालयों में प्रथम सत्रीय परीक्षा का आगाज, छात्रों में उत्साह

वेलकम इंडिया

**प्रयागराज।** उच्च प्राथमिक विद्यालय पी0ए0सी0 नैनी नगर क्षेत्र प्रयागराज में शैक्षिक सत्र 2025-26 की प्रथम सत्रीय परीक्षा का शुभारंभ 25 अगस्त 2025 से हो गया। यह परीक्षा 30 अगस्त 2025 तक चलेगी, जिसमें कक्षा 1 से 8 तक के छात्र-छात्राएँ सम्मिलित होंगे। विद्यालय के कार्यक्रम संयोजक श्री मुहम्मद रिजवान ने बताया कि उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के निदेर्शानुसार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज द्वारा निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार परीक्षा आयोजित की जा रही है। परीक्षा के सफल संचालन हेतु सभी अध्यापकों ने लंबे समय से विद्यालय न आने वाले छात्रों के अभिभावकों से संपर्क साधा और उन्हें बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया। अभिभावकों ने भी बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति का आश्वासन दिया। श्री रिजवान ने कहा कि निर्धारित पाठ्यक्रम के आधार पर कक्षावार प्रश्नपत्र तैयार कराए गए हैं। मूल्यांकन कार्य कक्षा एवं विषय अध्यापक स्वयं करेंगे और संबंधित अभिलेख विद्यालय स्तर पर सुरक्षित रखे जाएंगे। परीक्षा परिणाम के उपरांत अभिभावक बैठक कर बच्चों की प्रगति से अवगत कराया जाएगा। प्रधानाध्यापक श्री राशिद महमूद के नेतृत्व में सभी शिक्षक–श्री मुहम्मद रिजवान, श्री नासिर हुसैन, श्री मनमोहन लाल रजक, श्री इन्द्र नारायण पाण्डेय, श्री रविन्द्र कुमार केसरवानी, श्रीमती रश्मि सिंह सहित अन्य अध्यापक–परीक्षा संचालन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं और विभागीय निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जा रहा है।

# शैक्षिक पत्रिका विद्या दर्पण का हुआ विमोचन

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मथुरा में पी एम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालय नगला बली बलदेव की वार्षिक शैक्षिक पत्रिका विद्या दर्पण का विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। विमोचन कार्यक्रम का शुभारम्भ संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ मुकेश अग्रवाल द्वारा माँ सरस्वती के छविचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन करके किया गया।

इस अवसर पर डॉ मुकेश अग्रवाल ने उपस्थित शिक्षकों एवं प्रवक्ताओं को अभिप्रेरित करते हुए कहा कि इस शैक्षिक पत्रिका विद्या दर्पण के माध्यम से बाल मन में विभिन्न कल्पनायें आकार लेंगी और शिक्षक इस पत्रिका के माध्यम से अपने विचारों को अपनी लेखनी के द्वारा अभिव्यक्त कर पाएंगे और समाज को शिक्षा के महत्व से आत्मसात करा पाएंगे। उन्होंने शैक्षिक पत्रिका के सफल और शानदार संपादन के लिए राज्य स्तरीय आई सी टी पुरस्कार प्राप्त शिक्षक शुषेन्द्र मित्तल एवं शिक्षक रवि कुमार शर्मा को बधाई देते हुए, निरंतर नवाचार करते रहने और शिक्षा के क्षेत्र में अपना सर्वश्रेष्ठ देने के उत्प्रेरित किया। इस अवसर पर डाइट प्रवक्ता गौरव गुंजन, विवेक कुमार, गौरी पांडेय, कुसुमलता, शिखा शर्मा, हरेश कुमार, हिमांशु रावत, सूर्यकांत शर्मा, पीयूष जैन, राज्य स्तरीय संदर्भदाता अमित अद्भुत, शिव कुमार, पूजा चौधरी, माधव चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन मृदुल शर्मा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन शुषेन्द्र मित्तल द्वारा किया गया।

# टैरिफ के विरोध में डोनाल्ड ट्रंप का पुतला दहन किया



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** बुधवार को मथुरा में संत और बृजवासियों ने टैरिफ के विरोध में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पुतला फूंका, श्री कृष्ण जन्मभूमि मंदिर मस्जिद केस के मुख्य याचिका कर्ता दिनेश फलाहारी बाबा ने हिंदुस्तान के खिलाफ बार-बार बयान देने वाले डोनाल्ड ट्रंप को मानसिक रोगी बताया। उन्होंने कहा यह हिंदुस्तान ऋषि मुनियों की तपोभूमि है, हिंदुस्तान में जब परमाणु परीक्षण हुआ था तब भी अमेरिका ने कड़े प्रतिबंध लगाए थे, कोई फर्क नहीं पड़ा था। राष्ट्रीय प्रवक्ता राजेश पाठक ने कहा कि भारतीय संघर्ष करना जानते हैं, हमको स्वदेशी सामान पर ध्यान देना चाहिए। महामंडलेश्वर रामदास जी महाराज ने कहा कि हमारा देश कभी झुका है ना झुकेगा और स्वदेशी अपनाएगा, खुशहाल रहेगा। जिला अध्यक्ष नरेश ठाकुर ने कहा कि सभी भारतीयों को स्वदेशी अपनाना चाहिए।

# प्रयागराज में परिषदीय विद्यालयों में प्रथम सत्रीय परीक्षा का आगाज, छात्रों में उत्साह

वेलकम इंडिया

**प्रयागराज।** उच्च प्राथमिक विद्यालय पी0ए0सी0 नैनी नगर क्षेत्र प्रयागराज में शैक्षिक सत्र 2025-26 की प्रथम सत्रीय परीक्षा का शुभारंभ 25 अगस्त 2025 से हो गया। यह परीक्षा 30 अगस्त 2025 तक चलेगी, जिसमें कक्षा 1 से 8 तक के छात्र-छात्राएँ सम्मिलित होंगे। विद्यालय के कार्यक्रम संयोजक श्री मुहम्मद रिजवान ने बताया कि उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद के निदेर्शानुसार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रयागराज द्वारा निर्धारित गाइडलाइन के अनुसार परीक्षा आयोजित की जा रही है। परीक्षा के सफल संचालन हेतु सभी अध्यापकों ने लंबे समय से विद्यालय न आने वाले छात्रों के अभिभावकों से संपर्क साधा और उन्हें बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजने के लिए प्रेरित किया। अभिभावकों ने भी बच्चों की शत-प्रतिशत उपस्थिति का आश्वासन दिया। श्री रिजवान ने कहा कि निर्धारित पाठ्यक्रम के आधार पर कक्षावार प्रश्नपत्र तैयार कराए गए हैं। मूल्यांकन कार्य कक्षा एवं विषय अध्यापक स्वयं करेंगे और संबंधित अभिलेख विद्यालय स्तर पर सुरक्षित रखे जाएंगे। परीक्षा परिणाम के उपरांत अभिभावक बैठक कर बच्चों की प्रगति से अवगत कराया जाएगा। प्रधानाध्यापक श्री राशिद महमूद के नेतृत्व में सभी शिक्षक–श्री मुहम्मद रिजवान, श्री नासिर हुसैन, श्री मनमोहन लाल रजक, श्री इन्द्र नारायण पाण्डेय, श्री रविन्द्र कुमार केसरवानी, श्रीमती रश्मि सिंह सहित अन्य अध्यापक–परीक्षा संचालन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं और विभागीय निर्देशों का अक्षरशः पालन किया जा रहा है।



# रंगोली व पोस्टर प्रतियोगिता हुई

वेलकम इंडिया



**शिकारपुर।** श्यामलाल सरस्वती महाविद्यालय में गृह विज्ञान व कला विभाग द्वारा संयुक्त रूप से रंगोली व पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निर्णायक मंडल में शामिल प्राचार्य डा ललित कुमार गुप्ता, नैक कॉर्डिनेटर रेशू भारद्वाज, गृह विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष भावना चौधरी, कला विज्ञान की विभागाध्यक्ष भक्ति सिंह, हिन्दी विभाग की विभागाध्यक्ष श्रीमती कीर्ति भारद्वाज, राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्ष डा हेमा राघव, बीएड विभाग से सहायक प्राध्यापिका श्रीमती हिरदेश राजपूत व रूचि राघव ने रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर भूमिका, निधि, आरती व निर्मल को, द्वितीय स्थान पर लक्ष्मी, सुधा व काजल तथा तृतीय स्थान पर सानिया, नेहा, रिजवाना, राखी व वंशिका तथा पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सिफ्त जेहरा, द्वितीय स्थान पर इलमा व तृतीय स्थान पर चेतना व प्रवेश कुमारी को घोषित किया।

# गैंगस्टर में वांछित दो अपराधी चाकू सहित गिरफ्तार

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर।** अपराधियों के खिलाफ चल रहे अभियान के तहत थाना खानपुर पुलिस ने मंगलवार रात गैंगस्टर एक्ट में वांछित दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों के पास से अवैध चाकू भी बरामद किए गए। पुलिस ने उन्हें कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। पुलिस टीम ने मनिया टीकरी चौराहे से मुकेश उर्फ हरिमोहन पुत्र शांति और ग्राम अभयपुर आम के बाग के पास से प्रवीण पुत्र बलवीर को पकड़ा। दोनों मनिया टीकरी, थाना खानपुर के निवासी बताए गए हैं। गिरफ्तार किए गए दोनों पर कई गंभीर मुकदमे पहले से दर्ज हैं और ये लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बाहर चल रहे थे। पुलिस का कहना है कि दोनों अपराधी बेहद शातिर किस्म के हैं, जो इलाके में लगातार सक्रिय रहते थे। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थाना प्रभारी धर्मेंद्र सिंह, उपनिरीक्षक सुनील कुमार और रोहित कुमार सहित पुलिस बल के अन्य जवान शामिल रहे।

# राधा अष्टमी पर्व की तैयारियों हेतु एडीजी, मण्डल आयुक्त एवं डीआईजी ने संयुक्त रूप से की समीक्षा बैठक हुई

वेलकम इंडिया




**मथुरा।** एडीजी अनुपम कुलश्रेष्ठ, मंडलायुक्त शैलेन्द्र कुमार सिंह, डीआईजी शैलेश कुमार पांडेय, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने संयुक्त रूप से अधीनस्थ अधिकारियों के साथ राधाष्टमी मेला 2025 को सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस बरसाना में बैठक ली। बैठक की कार्यवाही करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बैठक का एजेंडा प्रस्तुत किया। बताया कि श्री राधा जन्मोत्सव को लेकर बरसाना को छह जोन व 16 सेक्टरों में बांटा गया है। इस बार एकल मार्ग के चलते श्रद्धालुओं की भीड़ को राधारानी मंदिर की सुदामा चौक की सीढ़ीयों से प्रवेश कराया जाएगा। वहीं जयपुर मंदिर मार्ग से श्रद्धालुओं को उतारा जाएगा। दिनांक 30 से 31 अगस्त 2025 तक श्रीराधा जन्मोत्सव मनाया जायेगा। इस पर्व का मुख्य कार्यक्रम बरसाना स्थित श्री लाडली जी मंदिर में होगा। इस दौरान लाखों की संख्या में श्रद्धालु श्री लाडली जी मंदिर, बरसाना पहुँचेंगे। मेला क्षेत्र में 50 पार्किंग स्थल बनाए गए है तथा 88 बैरियर लगाए जाएंगे। श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा हेतु श्रीजी गेट के पास बिनानी सत्संग हॉल में कंट्रोल रूम बनाया गया है। 50 स्थान पर 155 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं जबकि मंदिर के अंदर 32 कैमरे लगाए गए हैं। पूरे आयोजन के दौरान ड्रोन कैमरे से भी निगरानी की जाएगी। जगह-जगह वॉच टावर भी लगाए गए हैं। भीड़ नियंत्रण हेतु 24 स्थान पर होल्डिंग एरिया बनाए गए हैं। किसी भी तरह की आकस्मिक स्थिति के लिए मेडिकल टीम और अग्निशमन विभाग की टीम हर समय अपने-अपने ड्यूटी पॉइंट पर तैनात रहेगी। श्री राधाष्टमी महोत्सव के दौरान रोप वे श्रद्धालुओं के लिए चालू रहेगा। छोटी परिक्रमा बंद रहेगी जबकि सभी श्रद्धालु बड़ी परिक्रमा करेंगे तथा दर्शन करने वाले व परिक्रमा लगाने वाले सभी श्रद्धालुओं का प्रवेश नए बस स्टैंड से होते हुए राधारानी मंदिर गेट से रहेगा। वहीं जिला प्रशासन की ओर से भी राधा अष्टमी पर्व को लेकर सभी तैयारियां कर ली गई हैं। अपर जिलाधिकारी वित्त द्वारा अवगत कराया गया कि प्रकाश व्यवस्था सुधारण की गई है समुचित सफाई के लिए पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मी तैनात किए गए हैं। आमजन की सुविधा हेतु जगह-जगह मोबाइल टॉयलेट और सार्वजनिक शौचालय उपलब्ध हैं, पेयजल की आपूर्ति हेतु 30 टैंकर की व्यवस्था की गई है। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त आयोजन के दौरान मथुरा-बरसाना वाया गोवर्धन, हन्दावन-बरसाना मथुरा-बरसाना वाया छाता एवं मथुरा-बरसाना वाया कोसी के लिए कुल 270 बसें संचालित करायी जायेंगी। राधा अष्टमी पर्व की तैयारियों की समीक्षा करने के उपरांत *एडीजी श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ जी* द्वारा निर्देश दिए गए कि कहीं भी जलभराव नहीं होना चाहिए। यातायात सुगम रूप से चलता रहे। यातायात पुलिसकर्मी अपने ड्यूटी पॉइंट पर हर समय सक्रिय होने चाहिए।

# रानीगंज विधायक धीरज ओझा के भांजे ने की आत्महत्या, शव से उठी दुर्गंध के बाद खुलासा

विजय द्विवेदी



**प्रतापगढ़।** रानीगंज विधानसभा क्षेत्र से जुड़े एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहाँ के निवर्तमान विधायक धीरज ओझा के भांजे अतुल तिवारी (42 वर्ष) ने अपने ही घर में हाथ की नस काटकर आत्महत्या कर ली। कई दिनों तक शव घर के अंदर ही पड़ा रहा। अतुल की बहन ने मां के पास हाल चाल जानने को फोन किया और मां से बात चीत में भाई अतुल का भी हाल चाल जानना चाहा तब मां ने बताया कि वह तीन चार दिनों से अतुल से नहीं मिली है और अतुल ने उनको कमरे से नीचे आने को मना किया है अतुल की बहन को मां की बात सुन कर किसी अनहोनी की आशंका हुई और वह अपने मामा निवर्तमान विधायक धीरज ओझा से मां द्वारा हुई बात चीत को बताया और कहा कि उनको किसी बड़ी अनहोनी की आशंका है इस पर धीरज ओझा ने अपने जान पहचान के लोगों को अतुल के घर भेज कर जानकारी लेने को कहा जब पहचान के लोग अतुल के घर पहुंचे तब उनको घर से कुछ दुर्गंध

# कुंतेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में भाजपा की नवनियुक्त मंडल कार्यकारिणी का स्वागत समारोह किया गया आयोजित

वेलकम इंडिया

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** भाजपा नेता नीरज वर्मा के द्वारा कुंतेश्वर महादेव मंदिर में भाजपा की नवनियुक्त मंडल कार्यकारिणी का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सभी पदाधिकारियों ने पहले भगवान शिव के दर्शन-पूजन किए।मंदिर परिसर में आयोजित सम्मान समारोह में सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को गमछा पहनाया गया। साथ ही लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल का चित्र भी भेंट किया गया। इस दौरान सभी पदाधिकारियों को नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं दी गईं।कार्यक्रम में जिला मंत्री रामसागर कनौजिया, मंडल अध्यक्ष संदीप रावत और निवर्तमान मंडल अध्यक्ष संतोष पांडेय जिला प्रतिनिधि प्रहलाद कुमार विमल, मंडल महामंत्री अमित भैया राम, उपाध्यक्ष साहेब प्रसाद, रामशंकर तिवारी, धर्मेंद्र सिंह और रीता गौतम, रामपाल वर्मा, मंडल मंत्री रवींद्र अवस्थी, रामनिवास लोधी, विकास मौर्य, ओमप्रकाश वर्मा, कोषाध्यक्ष दयाशंकर शुक्ला, मेड़ीलाल मौर्य,प्रवेश यादव और संदीप मौर्य सहित अन्य मंडल पदाधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।



# करप्शन फ्री इंडिया का आरटीओ दफ्तर पर हल्का बोल भृष्टाचार और शोषण पर लगे रोक: प्रवीण भारतीय

वेलकम इंडिया

**बुलंदशहर।** अगस्त क्रांति के अवसर पर बुधवार को करप्शन फ्री इंडिया कार्यकताओं ने जिलाध्यक्ष सुशील प्रधान के नेतृत्व में आर टी ओ दफ्तर बुलंदशहर पर भृष्टाचार और शोषण के खिलाफ हल्ला बोल कार्यक्रम आयोजित किया।धरना प्रदर्शन किया गया और प्रदर्शन कारियों ने आर टी ओ कार्यालय में सैटिंग गैटिंग, भृष्टाचार, रिश्वत खोरी और शोषण को खत्म करने की मांग करते हुए ए आर टी ओ को ज्ञापन सौंपा ।

प्रदर्शन कारियों का कहना था कि आर टी ओ दफ्तर में ड्राइविंग लाइसेंस फिटनेस आर सी एवं अन्य कार्यों के लिए अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा अवैध वसूली की जाती है। प्रदर्शन कारियों ने भृष्टाचार रिश्वत खोरी और शोषण को खत्म करने की मांग का ज्ञापन आर टी ओ सतीश कुमार को सौंपा। संगठन के संस्थापक चौधरी प्रवीण भारतीय ने बताया कि बुलंदशहर आर टी ओ दफ्तर में कोई भी काम बिना रिश्वत दिए नहीं होता है।दलालों का बोलबाला है। आजादी के 78 साल बाद भी रिश्वतखोरी शहीदों की शहादत के सम्मान के विपरीत है। उन्होने पहासू में ड्राइविंग ट्रेनिंग सेंटर में भृष्टाचार की भी शिकायत की। कृष्ण पाल यादव, प्रेम राज भाटी सुशील प्रधान ऋषि बंसल राकेश भाटी नीरज भड़ाना जीते अधाना झम्मन सिंह धर्म पाल कपासिया सूबेदार राजकुमार नीरज भड़ाना डॉ सफी शीशपाल यादव आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।




# नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई

वेलकम इंडिया

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** ब्लॉक सभागार में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में स्वास्थ्य और विकास विभाग के अधिकारी शामिल हुए।सीएचसी सिरौलीगौसपुर के अधीक्षक डॉक्टर संतोष सिंह ने टीकाकरण से जुड़ी विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने ग्राम सचिवों और विकास अधिकारियों से टीकाकरण से इनकार करने वाले परिवारों को समझाने में सहयोग की अपील की। साथ ही ग्राम प्रधानों से भी सहयोग की मांग की।बैठक में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा उपायों और गांवों में दवा छिड़काव पर विशेष जोर दिया गया। ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक संजीव कुमार और बीसीपीएम शैलेश रावत तथा अनुज तिवारी ने भी अपने विचार रखे।बैठक में मनोज मिश्र, कुलदीप वर्मा, सुरेश यादव, राजेश कुमार रावत, सतीश वर्मा, रवि रावत, तेजभान सिंह, आशीष यादव, वीरेंद्र तिवारी, मनीष शुक्ला, अखिलेश वर्मा, गजराज वर्मा, दानिश, शिवनारायण मौर्या, ज्योति चौहान सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# एबीवीपी ने राजकीय महाविद्यालय बसई नवाब को नई बिल्डिंग में शिफ्ट करने को दिया ज्ञापन



वेलकम इंडिया

**धौलपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई बसई नवाब के द्वारा प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा ।ज्ञापन में भाग संयोजक जतिन अग्रवाल ने बताया है कि यह राजकीय महाविद्यालय एक मात्र महाविद्यालय है जिसमे 300 विद्यार्थी पढ़ रहे है। इस महाविद्यालय की नई बिल्डिंग को बनबाने कि लिए राज्य सरकार ने भूमि और 4.5 करोड़ की राशि स्वीकृत की थी जिससे कॉलेज बिलड़िग बनकर 2021 में ही तैयार हो चुकी है। लेकिन अभी तक इस कॉलेज को उस नई बिल्डिंग में शिफ्ट नहीं किया गया है। इस वजह से यह महाविद्यालय आज तक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बसई नबाव के कमरों में ही संचालित है। धीरेन्द्र कुशवाह ने बताया है कि यह सरकार और प्रशासन की घोर लापरवाही को दशार्ता है। खाली बिल्डिंग रहने की वजह से यह बेकार होती चली जा रही है। विद्यार्थी हित में रखते हुए महाविद्यालय को शीघ्र अतिशीघ्र नवीन बिल्डिंग में शिफ्ट करने की मांग करते हैं ।अन्यथा विद्यार्थी परिषद इसको लेकर उग्र आंदोलन करेगी जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी सरकार एवं प्रशासन की होगी। इस मौके पर वर्षा कुमारी, वन्दना, भूदेव कुशवाह, बबीता, मंजू, भारती कुमारी, चन्द्रकला, शिवानी, बबली, रचना कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, भावना, अभिषेक शर्मा, ईशा,कृष्णा कुमारी, अंकिता, खुशबू, लवली, कृष्ण कुमार, मनुराज, मनीषा, बबीता, हरेश, रुबी निर्मल, मनीषा, सुमन कुशवाह, संजय कुमार, लोकेश, किरन, वर्षा, सपना, संगीता, खुशबू, संध्या,संजना,भावना इत्यादि विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# बिजली विभाग ने हैंसर क्षेत्र में चलाया मास रेड अभियान , 07 लोगों पर की एफआईआर एवं बकाए पर काटे 32 कनेक्शन

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** प्रबंध निदेशक पूर्वांचल निगम के निदेर्शानुसार ज्यादा बिजली चोरी वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर आज दिनांक 27.08.2025 को हैंसर क्षेत्र में आज बिजली विभाग ने बृहद मेगा ड्राइव अभियान चलाया। बिजली विभाग के एक्सईएन राजेश कुमार के नेतृत्व में हैंसर फीडर के हैंसर समेत कई गाँवो में आज बिजली विभाग की 5 टीमों ने सुबह से ही चेकिंग शुरू कर दी गई जिससे बिजली चोरों में हड़कंप मचा रहा। बिजली चेकिंग में करीब 7 उपभोक्ता को बिजली की चोरी करते पकड़े गये जिनके ऊपर एफआईआर दर्ज की जा रही है।इसके अतिरिक्त करीब 32 घरों की बिजली बिल बकाया होने पर काटी गयी जिनके ऊपर लगभग 8 लाख का बिजली बिल बकाया था ।चेकिंग के दौरान करीब ? 9.27 लाख के बकाये की भी वसूली की गयी। बिजली विभाग के एक्सईएन राजेश कुमार ने बताया कि आज पूरे खण्ड के अधिकारियों, कर्मचारियों की 5 टीमों को चेकिंग में लगाया गया था। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील है कि विच्छेदन तिथि के अंदर अपना बकाया बिजली बिल जमा करवाए एवं बिजली चोरी न करे ।प्रबन्ध निदेशक महोदय के निदेर्शानुसार प्रत्येक फीडर पर अधीक्षण अभियंता से लेकर, अधिशाषी अभियंता, उपखण्ड अधिकारी, अवर अभियंता, तकनीशियन सहित कुशल निविदा कर्मियों को फीडर मैनेजर के तौर पर नियुक्त किया गया है जिससे फीडर पर शतप्रतिशत बिलिंग, राजस्व वसूली एवं गुणवत्ता पूर्वक विद्युत आपूर्ति कराने में मदद मिलेगी एवं फीडर स्तर पर सुधार न होने पर उच्च स्तर से जवाबदेही तय की जाएगी। समस्त उपभोक्ताओं को सही एवं समय पर बिल प्रदान करने हेतु अब मीटर रीडर्स के साथ एक विभागीय कर्मी लगाया गया है जिससे मीटर रीडर्स गलत बिल न बना सके मीटर रीडर्स एवं विभागीय कर्मी की मॉनिटरिंग डिस्कॉम मुख्यालय कंट्रोल रूम से भी की जाएगी इसके अतिरिक्त युद्धस्तर पर स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं जिससे उपभोक्ताओं को ऑटोमैटिक रीडिंग के माध्यम से बिल प्राप्त होगा एवं गलत रीडिंग पर अंकुश लगेगा उपभोक्ता वढढउछ उड्ढल्ल२४ौ१ अस्त्रस्त्र के माध्यम से अपना खपत,बिजली बिल देख एवं जमा करा सकते हैं ।

उन्होंने बताया कि प्रत्येक वितरण क्षेत्र में अधिक बिजली चोरी वाले क्षेत्र को चिन्हित कर आगे भी अभियान लगातार चलता रहेगा एवं खंड में 1 सप्ताह में चयनित 1 फीडर पर चेकिंग पूर्ण कराकर बिजली चोरी एवं बकायेदारों पर कठोर कार्यवाही की जाएगी ।उन्होंने आगे बताया की 10 हजार रुपए से अधिक बकायेदारों के विद्युत विच्छेदन कर शिकंजा कसा जाएगा एवं बिजली चोरी कर रहे उपभोक्ताओं के कनेक्शन को काटकर बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज कराया जाएगा ।

# नगर पंचायत परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन

वेलकम इंडिया संवाददाता

- सभासद अपनी समस्याएं प्रभावी ढंग से रख सकेंगे।
- बैठक में तीन प्रमुख मुद्दों पर विशेष चर्चा हुई।
- प्रभावित वार्डों में मेहंदी कटरा,कटरा और शाह कटरा हैं।

**जैदपुर बाराबंकी।** जैदपुर नगर पंचायत में बुधवार को महत्वपूर्ण बोर्ड बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्रीय विधायक गौरव रावत, ईओ राम जनक तिवारी, चेयरमैन प्रतिनिधि दाऊद अलीम और सभी वार्ड सभासद उपस्थित रहे। विधायक रावत ने सबसे पहले नगर पंचायत कार्यालय के ऊपर स्पेशल मीटिंग हॉल बनवाने का प्रस्ताव रखा। इससे बैठकों में सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रह सकेंगे और सभासद अपनी समस्याएं प्रभावी ढंग से रख सकेंगे।

बैठक में तीन प्रमुख मुद्दों पर विशेष चर्चा हुई। इनमें तालाबों से अवैध अतिक्रमण हटाना, जल निकासी की समस्या का समाधान और तीन वार्डों में जलभराव की समस्या शामिल थी। प्रभावित वार्डों में मेहंदी कटरा,कटरा और शाह कटरा हैं। नगर पंचायत में नालों की सफाई और खुले नालों पर पत्थर लगाने का निर्णय लिया गया। साथ ही, खराब सड़कों की मरम्मत को प्राथमिकता दी जाएगी। सरकारी अस्पताल की सड़क के लिए भी प्रस्ताव भेजा गया है। वार्ड सभासद ताहिर अंसारी ने जनहित में नगर पंचायत कार्यालय में आधार कार्ड कैंप लगाने की मांग रखी। चेयरमैन प्रतिनिधि दाऊद अलीम ने आश्वासन दिया कि कस्बे की आवश्यक समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान किया जाएगा। बैठक में अन्य सभासद अलताब अंसारी, तफज्जुल हुसैन, मोहम्मद कासिम, मोहम्मद ताहिर, शाह आलम, नसीन, निजामुद्दीन, अबसार, सुफियान, मोहम्मद आलम, कलीम, सैम मेहंदी, आरिफ, राम सिंह और प्रदीप वर्मा भी उपस्थित थे।

# व्यापार मंडल शुजागंज इकाई की बैठक हुई सम्पन्न



वेलकम इंडिया फतेह खान

**शुजागंज अयोध्या।** विकास खण्ड रुदौली क्षेत्र रूदौली के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल द्वारा शुजागंज नगर कमेटी की बैठक आहूत की गई बैठक के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र यादव रहे। मुख्य अतिथि का पदाधिकारियों द्वारा अंग वस्त्र एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। बैठक में शुजागंज नगर कमेटी (व्यापार) के सभी नव निर्वाचित सदस्यों पदाधिकारी गणों को शपथ दिलाई गई। साथ ही साथ इकाई शुजागंज कमेटी व्यापार के सदस्यों पदाधिकारी गणों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से बुधवार को साप्ताहिक बंदी का भी निर्णय लिया गया है।इस अवसर पर श्यामबाबू गुप्ता, राजेश गुप्ता, महेश कुमार गुप्ता मो नबील, मो हसीब, अहमद रसूल, मो हामिद, बाबा मुस्तकीम, मो अजहर, प्रभारी निरीक्षक रूदौली संजय मौर्य, हेड कांस्टेबल इंद्रेश यादव, कांस्टेबल आशीष यादव सहित समस्त व्यापारी गण उपस्थित रहे।

# सेंट उमर कॉलेज से जुलूस ए-परचम कुशाई निकाला गया



वेलकम इंडिया

**झाँसी :** माहे रबीउननूर की आमद और उर्स-ए- शराफती व उर्स- ए- सकलैनी के मुबारक मौके पर सेंट उमर कॉलेज से जुलूस ए-परचम कुशाई निकाला गया जुलूस तय सुदा रास्तों से सकलैनाबाद कालौनी पहुँचा जहाँ पर जिला अध्यक्ष भारतीय एकता सदभावना मिशन की अध्यक्षता में समाज सेवियो द्वारा माल्यार्पण कर स्वागत इस्तकबाल किया गया एकता भाईचारे का पैगाम दिया गया इस अवसर पर महानगर अध्यक्ष ललित कोरी, संरक्षक सैय्यद मुजफ्फर अली, पूर्व पार्षद रविन्द्र कुमार लवली, वर्तमान पार्षद नरेंद्र नामदेव जी,सैय्यद राशिद अली, समाज सेवी केदार राय जी, सुल्तान भाई,मिर्जा आप नेता,रमजान भाई,, लल्ला मास्टर,केदार राय समाज सेवरहे मून मंसूरी, तमाम अन्य साथी उपस्थित रहे। संचालन शिक्षक नेता नोमान ने किया

# एतिहासिक विशाल तीर्थ राज मचकुंड मेले की तैयारी का लिया जाएगा

वेलकम इंडिया

**धौलपुर ।** जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी एवं पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने कल से लगने वाले ऐतिहासिक व विशाल तीर्थराज मचकुंड मेले की तैयारियों का लिया जायजा। संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को व्यवस्थाओं के बारे में दिए आवश्यक निर्देश। जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी एवं पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने कल से शुरू हो रहे ऐतिहासिक एवं विशाल तीर्थराज मचकुंड मेले की व्यवस्थाओं को परखने के लिए मेला स्थल का दौरा कर जायजा लिया ?। मेले के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसके लिए सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने बिजली, पानी, चिकित्सा सहित सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। नगरपरिषद प्रशासन को चल-अचल शौचालयों का प्रबंध करने, पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने और पॉलीथिन के उपयोग पर रोक लगाने के निर्देश दिए गए। सुरक्षा के लिहाज से सीसीटीवी कैमरे लगवाने और नशा आदि पर प्रतिबंध लगाने के भी निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने मेले के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने यातायात, कानून और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। नगरपरिषद के अधिकारियों ने मेले के दौरान होने वाली विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बताया है कि तीर्थराज मचकुंड मेले में पुलिस व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। संपूर्ण मेले की पुलिस व्यवस्था के प्रभारी अधिकारी मनोज शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला धौलपुर एवं सहायक प्रभारी अधिकारी कमल कुमार जांगिड़ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ मुख्यालय बाड़ी जिला धौलपुर व हवा सिंह अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिकाऊ प्रकोष्ठ एवं उनकी सहायता मुनेश मीना वृत्त अधिकारी वृत्त धौलपुर अनूप सिंह वृताधिकारी वृत्त सैंपऊ व हरिनारायण मीणा पुलिस निरीक्षक थाना अधिकारी थाना कोतवाली प्रवेन्द्र रावत पुलिस निरीक्षक थाना अधिकारी थाना निहालगंज को लगाया गया है। मेले को लेकर मचकुंड परिसर में स्थाई पुलिस चौकी वह नियंत्रण कक्ष भी स्थापित किया गया है।



# अमेठी में खाद दुकानों का निरीक्षण, तीन विक्रेताओं के लाइसेंस निलंबित

वेलकम इंडिया

**अमेठी।** जिला कृषि अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने आज जनपद की दो साधन सहकारी समितियों और छह निजी खाद विक्रेताओं की दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में अनियमितता पाए जाने पर तीन विक्रेताओं के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए गए। निरीक्षण के दौरान जिन दुकानों की जांच की गई उनमें साधन सहकारी समिति गुलालपुर एवं जगदीशपुर, शंकर बीज भंडार महोना, हाजी खाद भंडार महोना, किसान खाद भंडार महोना, विशाल ट्रेडर्स महोना, अली खाद भंडार महोना तथा सोहेल खाद भंडार महोना शामिल हैं। शंकर बीज भंडार महोना पर 15 बोरी यूरिया भंडारित पाया गया, लेकिन कृषकों को उपलब्ध नहीं कराया जा रहा था। किसानों ने शिकायत की कि यहां यूरिया की बिक्री जिंक आदि के साथ और निर्धारित दर से अधिक पर की जाती है। इस पर दुकान का लाइसेंस तत्काल निलंबित कर दिया गया। हाजी खाद भंडार महोना पर भी निर्धारित दर से अधिक मूल्य पर यूरिया बेचे जाने और जिंक की टैगिंग पाए जाने पर लाइसेंस निलंबित किया गया। किसान सुविधा केंद्र, अहोरवा भवानी सिंहपुर के खिलाफ एसडीएम तिलोई को शिकायत मिली थी कि यहां यूरिया जिंक के साथ बेची जा रही है। सहायक विकास अधिकारी कृषि द्वारा जांच में आरोप सही पाए जाने पर लाइसेंस निलंबित कर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। वहीं, अली खाद भंडार महोना पर निरीक्षण के समय 15 किसान यूरिया खरीदते मिले। किसानों ने स्वीकार किया कि उन्हें यूरिया निर्धारित दर पर उपलब्ध कराया जा रहा है।

जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में यूरिया पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है, किसानों को परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कृषक भाइयों से अपील की कि प्रति बिगहा 25 किलोग्राम से अधिक यूरिया का प्रयोग न करें।इसके साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि कल जनपद को इफको की एक रैक प्राप्त होगी, जिसमें 3168 मीट्रिक टन यूरिया उपलब्ध होगी।



# व्यापारियों ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की सदस्यता ग्रहण की

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल मोदीनगर के तत्वाधान में यहा एक रेस्टोरेंट में आयोजित एक कार्यक्रम में काफी संख्या में नगर के व्यापारियों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मंडल के प्रदेश अध्यक्ष व्यापारी घनश्याम दास गर्ग व प्रदेश महासचिव श्री तिलक राज अरोड़ा ने भाग लिया। व्यापार मंडल की नगर व जिला कमेटी ने प्रदेश अध्यक्ष व उनके साथ पधारे प्रदेश स्तरीय पदाधिकारीयों का माल्यार्पण व पटका पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश टेक्स बार एसोसिएशन में अपना स्थान रखने वाले अरुण राघव ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की व आशीष अरोड़ा के नेतृत्व में रुक्मणी मार्केट के व्यापारियों ने डॉक्टर महेश वैद्य व विपिन चौधरी के नेतृत्व में निवाड़ी रोड के व्यापारियों ने, गोपाल गौतम व सागर गुप्ता के नेतृत्व में तथा अनुज त्यागी के नेतृत्व में हापुर रोड से दर्जनों व्यापारियों ने व्यापार मंडल की सदस्यता ली। नए सदस्यों को व्यापार मंडल से जोड़ने में मंडल प्रभारी प्रदीप बोस, मेहराम चंदेला गया आकाश शर्मा का विशेष योगदान रहा। प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम दास गर्ग ने व्यापारियों के हित में किए जाने वाले कार्यों की सूची बताई तथा सभी नए व्यापारी सदस्यों का मंडल में स्वागत किया तथा पटका व माला पहन कर सम्मानित किया। प्रदेश महासचिव तिलक अरोड़ा ने व्यापारियों का आवाहन करते हुए कहा कि सभी व्यापारियों को संगठित व एकजुट होकर अपने सामने आनी वाली समस्याओं का समाधान ढूंढना चाहिए। मेरठ मंडल प्रभारी प्रदीप बॉस ने व्यापरियों को संबोधित करते हुए कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल निस्वार्थ भाव से सभी व्यापारियों के हित की लड़ाई लड़ता आया है वह आगे भी लड़ता रहेगा। कार्यक्रम में व्यापारियों को उनके प्रमाण पत्र भी दिए गए। इस अवसर पर प्रदेश संगठन मंत्री सुभाष धीमान प्रदेश उपाध्यक्ष स्वदेश जैन, विजय मलिक, महराम चंदेला, डॉ अनुज अग्रवाल, नीरज गर्ग आकाश शर्मा, देवी शरण गर्ग, संजय शर्मा, पंकज मित्तल, संजीव अरोड़ा, हिमांशु सिंघल, अमित गुप्ता, दीपक, अमित गर्ग, परमिंदर चौधरी, राज कुमार ढींगरा, गौरव गुप्ता, नवीन अग्रवाल, रवि तोमर, आदि व्यापारी उपस्थित थे।

# श्री ठाकुरद्वारा शिक्षा संस्थान में चुनाव सम्पन्न



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद (अनिल वशिष्ठ)।** श्री ठाकुरद्वारा शिक्षा संस्थान (पंजीकृत) हापुड़ रोड तिराहा, गाजियाबाद किं नव निर्वाचित प्रबंध समिति द्वारा कार्यभार ग्रहण किया गया। चुनाव अधिकारी राजकुमार शर्मा, एडवोकेट द्वारा जारी निर्वाचित सूची में दिनेश कुमार, गोयल (सदस्य विधान परिषद) अध्यक्ष, दिनेश कुमार गोयल (साबुन वाले) - उपाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश गोयल प्रबंधक, अनिल कुमार -उप-प्रबंधक, मोहित गुप्ता - कोषाध्यक्ष व शरद कुमार गर्ग, नरेश चंद्र गर्ग, ईश्वर सिंह गुप्ता, शिवांक गर्ग, अनिल कुमार गर्ग, विभोर गोयल एवं विपिन कंसल, आलोक गर्ग आदि 13 सदस्य निर्वाचित घोषित किए गए तथा 14 सदस्य में पदेन सदस्य के रूप में प्रधानाचार्या श्रीमती पूनम शर्मा को प्रबंध समिति में सम्मिलित किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्या श्रीमती पूनम शर्मा व अन्य अध्यापिकाओं द्वारा नवीन प्रबंध समिति का स्वागत किया तथा विद्यालय की समस्याओं की विस्तृत जानकारी दी। जिस पर अध्यक्ष द्वारा सभी पूर्ण करने का आश्वासन दिया शुभकामनाओं सहित सभी का धन्यवाद दिया।

# डी जी आर पब्लिक स्कूल में भव्य शपथ ग्रहण समारोह




वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** डी जी आर पब्लिक स्कूल में भव्य शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें नवगठित छात्र परिषद ने विद्यालय की गरिमा बनाए रखने और निष्ठा व ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का पालन करने की शपथ ली।इस अवसर पर शौर्य चिकारा को हेड बॉय तथा अविका शर्मा को हेड गर्ल घोषित किया गया। कार्यक्रम का संचालन गुड्डु गुप्ता ने किया। समारोह की गरिमा में वृद्धि करते हुए विद्यालय के चेयरमैन गुलबीर सिंह तथा डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. सोनल चौधरी ने बच्चों को आशीर्वचन दिए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।डॉ. सोनल चौधरी ने कहा कि शपथ ग्रहण समारोह विशेष है क्योंकि यह केवल पदभार ग्रहण करने का अवसर नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के अंदर नेतृत्व, अनुशासन, जिम्मेदारी और नैतिक मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता का संस्कार भी है। यह समारोह विद्यार्थियों को उनके कर्तव्यों का बोध कराता है और उन्हें आदर्श नागरिक बनने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम की सफलता में रचना शर्मा, पूनम कुमारी एवं नीरज शर्मा का विशेष योगदान रहा।

# ऋषभ बिहार कॉलोनी मंदिर में सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा का पाठ किया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** ऋषभ बिहार, सीकरी कला स्थित शिव मंदिर में स्थानीय निवासियों द्वारा आपस में मिलकर प्रत्येक सप्ताह होने वाले सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। प्रसिद्ध हनुमान कथा व्यास परम अरविंद भाई ओझा, कथा व्यास, आयुष पाठक (श्री रामभद्राचार्य जी के विशेष शिष्य) पंडित नंदकिशोर शर्मा व भजन गायक राजपाल का सानिध्य में बड़ी संख्या में आपस में मिलकर हनुमान जी महाराज का गुणगान किया। इस धार्मिक आयोजन के कारण से बहुत से बच्चों को हनुमान चालीसा का पाठ कंठस्थ हो गया है। कार्यक्रम में अरविन्द भाई ओझा ने सुन्दरकांड के विषय में कहा कि समाज के बड़े लोगों को जामवंत की तरह बन कर नई पीढ़ी की अन्तस्‌चेतना को जगाना चाहिए अब व्यक्ति की अंतःचेतना जाग्रत होती है तो व्यक्ति असंभव काम को भी पूर्ण कर लेता है। नई पीढ़ी को हनुमान जी कहते हैं कि कोई भी काम करने से पहले बड़ों से सलाह भी लेनी चाहिए जैसे हनुमानजी ने लंका यात्रा पर जाने से पूर्व जामवंत जी से पूछा था। पाठ के विराम पर आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम के संयोजक राजेंद्र अग्रवाल ने कहा कि हमारे कालोनी के लोगों द्वारा ऐसा कार्यक्रम करने का उद्देश्य समाज में सनातन धर्म को बढाना और जागरूक करने के साथ ही युवा पीढ़ी, बच्चों को अच्छे संस्कार दिए जा सकें।यह धार्मिक आयोजन प्रत्येक मंगलवार 5:15 बजे शुरू होता है।

# जो पंचायत की बात करेगा, वही गांव में राज करेगा- ब्रजवीर दहिया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** ऑल इंडिया पंचायती राज संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रजवीर दहिया आज देश के करोड़ों गांव की आत्मा पंचायतें हैं। लेकिन अफसोस की बात है कि जब चुनाव आते हैं। तो राजनीतिक पार्टियों केवल बड़े-बड़े वादे करती हैं। सत्ता के लिए घाट जोड़ करती हैं।मगर गांव और पंचायत के असली मुद्दों पर चुप्पी साथ लेती है।

हम साफ कर देना चाहते हैं। कि अब वह दौर बीत चुका है।जब पंचायत की आवाज को दबा दिया जाता था। आने वाले पंचायत चुनाव में जो भी राजनीतिक पार्टी पंचायत के हितों की बात करेगी पंचायत का अधिकार फंड और सम्मान दिलाने की बात करेगी उसी पार्टी को ऑल इंडिया पंचायती राज संगठन पूरी ताकत के साथ समर्थन देगा और उसके प्रत्याशियों के लिए गांव-गांव जाकर संघर्ष करेगा। लेकिन अगर कोई भी पार्टी पंचायत के मुद्दों पर गंभीर नहीं हुई। तो ऑल इंडिया पंचायती राज संगठन पीछे हटने वाला नहीं है। हम अपने दम पर पंचायत प्रत्याशी उतरेंगे। अपने प्रतिनिधियों को चुनाव मैदान में उतरेंगे। और पंचायत की ताकत से ही सत्ता की तस्वीर बदल देंगे। आज से हम घोषणा करते हैं।

# वार्ड नंबर 28 मे स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में वार्ड नंबर 28 मे स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत विकेंद्रीकृत को अपशिष्ट प्रबंधन के विषय में सामुदायिक स्तर पर प्रशिक्षण/कार्यशाला का आयोजन किया गया। भगवानगंज मंडी निकट / तेल मिल के पास पूर्व विधायक कार्यालय में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत विकेंद्रीकृत को अपशिष्ट प्रबंधन के विषय में सामुदायिक स्तर पर प्रशिक्षण/कार्यशाला का आयोजन किया गया। वार्ड सभासद श्रीमती सुमन देवी ने अध्यक्षता की। सुबे सिंह, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक दिनेश कुमार ,अमरीश , वरिष्ठ समाजसेवी विरेन्द्र सिंह त्यागी, अर्पित, नरेश चन्द सीनियर फील्डऑफिसर ने विचार रखे।कार्यशाला में स्वच्छ वातावरण प्रोत्साहन समिति के पदाधिकारी गण मोहल्ला समिति के सदस्य सीनियर सिटीजन मातृशक्ति युवाओं ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया । कार्यशाला में फील्ड ऑफिसर मोनिस, हसन विजय कुमार विपिन कुमार, समीर सफाई नायक विनेश उपस्थित रहे।

# खेत की दीवार गिराने पर रिटायर्ड फौजी की माँ से मारपीट, मुकदमा दर्ज

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव सुन्ना में जमीन और दीवार को लेकर हुए विवाद ने गंभीर रूप ले लिया।गांव के रिटायर्ड फौजी सुनील कुमार मलिक ने अपने गांव के संजय और शिवम और एक अज्ञात व्यक्ति पर आरोप लगाया है कि उन्होंने उसके खेत की दबंगई के बल पर दीवार गिरा दी और जब पीड़ित की माता संतोष देवी ने विरोध किया तो आरोपियों ने उनके साथ लाठी–डंडों से मारपीट कर जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने रिटायर्ड फौजी की तहरीर पर अभियोग दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।पीड़ित फौजी सुनील कुमार का कहना है कि विवाद के समय उसने तुरंत 112 पुलिस को फोन कर घटना की जानकारी दी, लेकिन आरोपी मौके से फरार हो गए। पीड़ित के अनुसार, उसके पास दीवार गिराने का वीडियो सबूत भी मौजूद है। पीडित फौजी का आरोप है कि आरोपी दबंग व्यक्ति है और उसके परिवार से रंजिश रखते हैं। फौजी ने घटना के बाद घायल अपनी माँ संतोष देवी को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया और मेडिकल परीक्षण कराने के बाद फौजी ने थाने पहुंचकर घटना के संबंध में तहरीर दी।थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने मामले मे जानकारी देते हुए कहा कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर नामजद अभियोग दर्ज कर लिया गया है। पुलिस जांच कर रही है और आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है।

# स्मार्ट मीटरों को लेकर फैलाई जा रही भ्रांतियों को दूर करने हेतु की गई कार्रवाई

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर (अनिल वशिष्ठ)।** विद्युत वितरण मण्डल, गाजियाबाद के अन्तर्गत स्थापित किये जा रहे स्मार्ट मीटरों को लेकर फैलाई जा रही भ्रांतियों को दूर करने हेतु की कार्रवाई की गई। विद्युत वितरण मण्डल, गाजियाबाद के अधीन विद्युत वितरण खण्ड मोदीनगर एवं विद्युत वितरण खण्ड, मुरादनगर के अन्तर्गत स्थापित किये जा रहे स्मार्ट मीटरों को लेकर उपभोक्ताओं में लगातार भ्रांतियाँ फैलायी जा रही है जिन्हें दूर करने हेतु कुल स्थापित किये जा रहे स्मार्ट मीटरों में से 05 प्रतिशत मैन स्मार्ट मीटर के साथ-साथ चैक मीटर भी स्थापित किये गये थे। इसके पश्चात मण्डल के अन्तर्गत उपखण्ड अधिकारियों द्वारा उपभोक्ताओं के परिसरों पर पहुँचकर उपभोक्ताओं के सामने मैन स्मार्ट मीटर एवं स्मार्ट मीटरों की रीडिंग का अनुश्रवण किया गया जिसमें दोनों मीटरों में समान रीडिंग पायी गयी एवं मौके पर मौजूद उपभोक्ता को दोनों मीटरो में समान रीडिंग पाये जाने से अवगत कराकर सन्तुष्ट कर भ्रांन्ति दूर की गयी।अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल महेश उपाध्याय ने बताया कि उपभोक्ताओं के बीच स्मार्ट मीटर को लेकर फैलायी जा रही भ्रांतियों को दूर करने हेतु लगातार खण्ड स्तर पर अभियान चलाये जा रहे है।जिससे भारत सरकार द्वारा चलायी जा रही आर०डी०एस०एस० योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं के परिसरों पर स्मार्ट मीटर स्थापित कराकार, योजना को सफलतापूर्वक पूर्ण किया जा सकें।

# नशे और साइबर अपराध से बचें युवा, थाना प्रभारी और प्रिंसिपल ने दिया संदेश

वेलकम इंडिया



**कांधला।** कस्बे के चंदन लाल इंटरनेशनल कॉलेज में बुधवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों को नशे के दुष्प्रभाव और साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि, नशा इंसान के जीवन को बबार्दी की ओर ले जाता है, जबकि साइबर अपराध से बचने का सबसे बड़ा उपाय है जागरूकता। युवाओं को चाहिए कि वह नशे से दूरी बनाए रखें और इंटरनेट का उपयोग सोच-समझकर करें।

और छात्रों को समझाया कि नशा न केवल स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है बल्कि परिवार और समाज पर भी बुरा असर डालता है। इसी तरह साइबर अपराधियों की चालबाजियों से बचने के लिए सबसे जरूरी है कि युवा जागरूक रहे।कार्यक्रम में विद्यालय के प्रिंसिपल सुशील कुमार ने छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ह्लयुवा पीढ़ी ही देश का भविष्य है। यदि छात्र नशे से दूर रहें और साइबर अपराधों के प्रति सतर्क रहें, तो निश्चित रूप से एक सुरक्षित और मजबूत समाज का निर्माण होगा। ऐसे कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित होने चाहिए, ताकि विद्यार्थियों को सही दिशा मिल सके। जागरूकता कार्यक्रम में अन्य पुलिसकर्मी विद्यालय का स्टाफ और सैकड़ो छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# मराठा कालीन सड़क खस्ताहाल बरसात में दलदल बनी राह

वेलकम इंडिया









**कांधला। संवादाता मोहसीन रहमानी।** विकास खंड क्षेत्र के कांधला देहात, ईदगाह मार्ग से होकर गुजरने वाला ऐतिहासिक रास्ता ग्रामीणों की पीड़ा का कारण बन गया है। यह मार्ग गांव सलेमपुर, मलकपुर, फतेहपुर, गुर्जरपुर, आल्दी, बिनडा, अलीपुर, खंद्रावली और जहानपुरा को जोड़ते हुए पानीपतझखटीमा मार्ग से हरिद्वार तक पहुंचाता है। ग्रामीणों के अनुसार सलेमपुर से मलकपुर तक का लगभग एक किलोमीटर लंबा रासता मराठा काल में बनाया गया था, लेकिन दशकों बीत जाने के बाद भी इसकी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। दशंकों पूर्व रास्ते पर खंडाजा निर्माण हुआ था जो अब टूट कर गड्ढों में तब्दील हो गया है। जनप्रतिनिधि भी कई बार रास्ते से होकर गुजर चुके हैं उसके बावजूद भी निर्माण कार्य नहीं हो रहा।बरसात शुरू होते ही यह सड़क दलदल का रूप ले लेती है। आने वाले दिनों में गन्ना सत्र शुरू होगा, जिससे किसानों को फसल ले जाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। ग्रामीणों का कहना है कि टूटी-फूटी सड़क से रोजाना हजारों लोग गुजरते हैं, जिससे हादसों का खतरा भी बढ़ा रहता है।

**ग्रामीणों मे गुस्सा और बेबसी दोनों झलके:** ग्राम सलेमपुर निवासी ग्रामीण रामकुमार का कहना है की सड़क मराठा काल से बनी है लेकिन आज तक किसी ने सुध नहीं ली। बरसात आते ही हालात और बिगड़ जाते हैं। नेता चुनाव में आते हैं, वादे करते हैं और फिर गायब हो जाते हैं। निर्माण की मांग के बाद भी निर्माण कार्य नहीं हुआ।

ग्राम मलकपुर निवासी सतपाल प्रजापत ई-रिक्शा चालक का कहना है कि गड्ढों से भरी इस सड़क पर चलना रोज का संकट है। गाड़ियां खराब हो जाती हैं, यात्री परेशान होते हैं और हम नुकसान उठाते हैं। आखिर कब तक यह हाल रहेगा कई बार ई रिक्शा पलटने का डर लगा रहता है।

जुनैद अली (समाजसेवी, मलकपुर) ने बताया कि यह सड़क अब उपेक्षा का प्रतीक बन चुकी है। चुनाव से पहले बड़े-बड़े दावे होते हैं लेकिन चुनाव बाद जिम्मेदार लोग मुंह फेर लेते हैं। यह जनता के साथ खुली धोखाधड़ी है। यह टूटी फूटी सड़क विकास के दावों की पोल खोल रही है।

दीपक शर्मा फतेहपुर का कहना है की जनप्रतिनिधियों से लेकर अधिकारियों तक बार-बार गुहार लगाई लेकिन हर बार यही कहा गया कि सड़क पीडब्ल्यूडी के अधीन आती है। अगर सचमुच पीडब्ल्यूडी की जिम्मेदारी है तो फिर अब तक काम क्यों नहीं हुआ। जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीणों की समस्या को देखते हुए सड़क को पक्की बनवानी चाहिए।

ग्रामीणों की चेतावनी

ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द ही सड़क निर्माण का कार्य शुरू नहीं किया गया तो वे धरनाझप्रदर्शन और चक्का जाम करने के लिए मजबूर होंगे। उन्होंने साफ चेतावनी दी कि अब विकास कार्य नहीं हुआ तो ग्रामीणों से वोटो की आस न रखें।

# डीएम की अध्यक्षता में किसान दिवस आयोजित

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागार में बुधवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में किसान दिवस की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने गत किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की और शेष अनिस्तारित शिकायतों के तत्काल व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि किसान दिवस किसानों की समस्याओं को सुनने और उनका समाधान करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने निर्देश दिया कि इस बैठक से संबंधित प्रत्येक अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें। बिना पूर्व अनुमति अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने कहा कि किसानों की प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान होना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण करने के बाद अधिकारी आख्या (रिपोर्ट) व फोटोग्राफ उप कृषि निदेशक कार्यालय में उपलब्ध कराएं, ताकि समाधान की स्थिति की वास्तविक जानकारी प्राप्त हो सके। बैठक में आए किसानों की समस्याओं को जिलाधिकारी ने स्वयं सुना और बिंदुवार चर्चा की। इस दौरान भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारी बिजेंद्र तोमर, मनोज नागर और राजवीर सिंह सहित कई किसानों ने अपनी समस्याओं का विवरण प्रस्तुत किया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ. संतोष कुमार उपाध्याय, अपर जिलाधिकारी (भू.अ.) विवेक मिश्र, उप कृषि निदेशक राम जतन मिश्र समेत विद्युत, कृषि, सिंचाई, गन्ना, लोक निर्माण, केंद्रीय लोक निर्माण, नगर निगम, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, जल निगम, मंडी परिषद एवं अन्य विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। किसान दिवस की इस बैठक में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए 150 से अधिक किसानों ने भाग लिया और अपनी समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराया। जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि किसानों के हितों की रक्षा और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु जिला प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

## महंत मोनू गुरूजी और दो बेटों पर एससी/एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज

**गाजियाबाद।** लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई जब इलाके के प्रसिद्ध बाला जी मंदिर के महंत मोनू गुरूजी और उनके दो पुत्रों पर संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया। यह मुकदमा सफाई कर्मचारी प्रवीन निवासी भगोट, जनपद बागपत की तहरीर पर दर्ज हुआ है। प्रवीन ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि कूड़ा उठाने के दौरान मंदिर के महंत और उनके दोनों बेटों ने न केवल उनके साथ मारपीट की, बल्कि उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी। मामला गड्ढ़ा कॉलोनी टीला का बताया जा रहा है। प्रवीन अपने दो साथियों के साथ कूड़ा उठाकर ट्रैक्टर-ट्रॉली में डाल रहा था। इसी दौरान अचानक मंदिर के महंत मोनू गुरूजी अपने बेटों हिमांश और छोटू के साथ मौके पर पहुंचे और प्रवीन से किसी बात को लेकर विवाद करने लगे। प्रवीन का आरोप है कि तीनों ने मिलकर उस पर हमला किया और जमकर मारपीट की। सफाई कर्मचारी ने तहरीर में यह भी कहा कि मारपीट के साथ उसे जातिसूचक गालियाँ दी गईं और जान से मारने की धमकी दी गई।

## 15 मुख्य सेविकाओं को नियुक्ति पत्र, 5 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियाँ सम्मानित



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** विकास भवन स्थित दुर्गावती देवी सभागार में बुधवार को आयोजित एक गरिमामय समारोह में गाजियाबाद की नवनियुक्त 15 मुख्य सेविकाओं को महापौर सुनीता दयाल द्वारा नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। यह नियुक्तियाँ उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की निष्पक्ष एवं पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत की गई हैं।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने महापौर को तुलसी का पौधा भेंट कर स्वागत से किया। इस दौरान सभा में उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लोक भवन, लखनऊ से प्रसारित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी देखा। महापौर सुनीता दयाल ने इस अवसर पर कहा कि ऐसे आयोजन आमजन से जुडे का एक सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा प्रत्येक जन का विकास और हर जन को समृद्ध बनाना सरकार का संकल्प है। यह हमारी सरकार का उद्देश्य एवं प्राथमिकता दोनों है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि जिस पारदर्शिता और ईमानदारी से आप सभी का चयन हुआ है, उसी निष्ठा और कर्तव्यपरायणता से आप अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगी। महापौर ने नवनियुक्त सेविकाओं के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ भी दीं। कार्यक्रम में महापौर, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी शशि वार्ष्णेय ने जनपद की चयनित सेविकाओं पिंकी रानी, अनुराधा पाल, प्रीति तिवारी, अनु त्यागी, दिव्या, हेम बिंदु भाटिया, सुषमा चौधरी, वर्षा तेवतिया, सोनिया, नीतू रानी, गुलेशमा सैफी, सुधा रानी, नीलम रानी और शिवांगी को नियुक्ति पत्र वितरित किए।

# गणेश चतुर्थी एवं छात्रवृत्ति वितरण समारोह का भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया





**गाजियाबाद।** वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति, गाजियाबाद द्वारा गणेश चतुर्थी एवं छात्रवृत्ति वितरण समारोह दिनांक 27 अगस्त (बुधवार) को प्रातः 8:30 बजे, शिव मंदिर, नेहरू नगर प्रांगण में ,समिति अध्यक्ष डॉ. जे. एल. रैना की अध्यक्षता में बड़े ही हर्षोल्लास और धार्मिक माहौल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समिति के महासचिव श्री आर. के. गुप्ता एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सरिता गुप्ता द्वारा हवन-पूजन से हुआ। विधिविधानपूर्वक भगवान गणेश की पूजा-अर्चना एवं वंदना के उपरांत प्रसाद वितरण कराया गया। इसके बाद छात्रवृत्ति वितरण समारोह प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर समिति महासचिव श्री आर के गुप्ता ने समिति के उद्देश्यों एवं सेवा गतिविधियों की जानकारी प्रदान की। समिति द्वारा इस अवसर 143 मेधावी एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों को, जो गाजियाबाद के विभिन्न विद्यालयों से चयनित किए गए थे, कुल ?5.73 लाख की छात्रवृत्ति वितरित की गई। शिक्षा प्रकल्प प्रभारी श्री ए. के. गुप्ता ने बताया कि यह धनराशि समिति सदस्यों एवं समाजसेवी दानदाताओं के सहयोग से एकत्र की गई है। समिति अध्यक्ष डॉ. रैना ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा आप ही देश का भविष्य हो। शिक्षा ही समाज में परिवर्तन ला सकती है। मन लगाकर पढ़ाई करें और जिम्मेदार नागरिक बनें। आपकी पढ़ाई में आर्थिक अभाव नहीं आने दिया जाएगा, समिति सदैव सहयोग के लिए तत्पर है। इसके उपरांत भजन मंडली श्री मल्होत्रा एण्ड पार्टी द्वारा प्रस्तुत भजनों ने कार्यक्रम स्थल को भक्तिमय बना दिया। समारोह के समापन पर अध्यक्ष डॉ. रैना ने सभी उपस्थित सदस्यों, मातृशक्ति तथा मंडली का धन्यवाद ज्ञापित किया। राष्ट्रगान एवं सभी को प्रसाद वितरण (भोजन) के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वी. पी. रस्तोगी, रमेश अरोरा, एल. डी. शर्मा, हरिपाल सिंह, एम. बी. भारद्वाज, बी. जी. शर्मा, डाक्टर चन्द्र भूषण, अनिल चौधरी, डी. के. शर्मा, आर. एन. सक्सेना, राजश्री रैना, रेखा रस्तोगी, मिथलेश बंसल, सरोज भूषण, पुष्पा शर्मा, प्रेमलता सहित बड़ी संख्या में समिति सदस्य एवं मातृशक्ति उपस्थित रहीं।

## ड्यूटी से कतरा रहे जवान, डीसीपी सुरेंद्रनाथ तिवारी ने बुलाई हाईलेवल बैठक



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर कांस्टेबल विपिन कुमार की दर्दनाक मौत के बाद ट्रैफिक पुलिसकर्मी अब खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। एक्सप्रेसवे पर तैनात कई ट्रैफिक कर्मियों ने ड्यूटी करने से इनकार जताया है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए बुधवार को यातायात प्रभारी डीसीपी सुरेंद्रनाथ तिवारी ने एडीसीपी ट्रैफिक, तीन एसीपी ट्रैफिक और ट्रैफिक इंस्पेक्टरों के साथ विशेष बैठक की। बैठक में न केवल मौजूदा हालात पर चर्चा की गई, बल्कि आगे की रणनीति भी तय की गई। सूत्रों के अनुसार, आने वाले दिनों में एक्सप्रेसवे पर से ट्रैफिक कर्मियों को हटाया जा सकता है। जवानों का कहना है कि न तो दिल्ली और न ही मेरठ पुलिस एक्सप्रेसवे पर ट्रैफिक ड्यूटी लगाती है, ऐसे में गाजियाबाद पुलिसकर्मियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जानी चाहिए। बैठक के दौरान डीसीपी ने निर्देश दिया कि एक्सप्रेसवे पर स्मार्ट ट्रैफिक बूथ स्थापित किए जाएं ताकि सड़क हादसों की रोकथाम और निगरानी को और प्रभावी बनाया जा सके। इसके अलावा, डीएमई पर आईपीईएम कॉलेज के सामने प्रवेश और निकास प्वाइंट को चौड़ा करने पर भी चर्चा हुई। अधिकारियों का मानना है कि इससे जाम की समस्या कम होगी और वाहनों की आवाजाही सुचारू रह सकेगी। डीसीपी सुरेंद्रनाथ तिवारी ने साफ कहा कि सड़क हादसों को रोकना और यातायात नियमों का शत-प्रतिशत पालन कराना ही पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि यातायात व्यवस्था को सुरक्षित और सुचारू बनाने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएं।

## गणेशजी की शोभायात्रा में भक्ति और उत्साह से गूंजा वातावरण

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** संजय नगर सेक्टर-23 स्थित हनुमान मंदिर में बुधवार को भगवान गणेशजी की भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। मंदिर प्रांगण से आरंभ हुई यह यात्रा मुख्य मार्गों से होते हुए अग्रवाल सदन तक पहुँची, जहां भक्तों ने पुष्पवर्षा कर गणपति बप्पा का स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों की गूंज और श्रद्धालुओं की जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। इस अवसर पर परमार्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष वी.के. अग्रवाल ने कहा कि गणेशजी बुद्धि, ज्ञान और समृद्धि के देवता हैं। उन्होंने बताया कि गणेश चतुर्थी का पर्व न केवल धार्मिक दृष्टि से, बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे का भी संदेश देता है। वहीं, विश्व ब्रह्मऋषि ब्राह्मण महासभा के पीठाधीश्वर ब्रह्मऋषि विभूति बी.के. शर्मा हनुमान ने कहा कि पूजा में मूर्ति की दिशा और स्थापना का विशेष महत्व होता है, जिससे सकारात्मक ऊर्जा और आनंद का संचार होता है। पूजन कार्यक्रम पंडित सुरेंद्र तिवारी, इंद्रेश तिवारी और अशोक झा ने विधिविधान से संपन्न कराया। श्रद्धालुओं में शशि प्रभा अग्रवाल, अंकुर अग्रवाल, शालिनी अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, आकांक्षा अग्रवाल, शिल्पी गुप्ता, लोकेश सिंगल, अजय अग्रवाल, बृजमोहन शर्मा, किरण शर्मा, वैभव वंदे ठाकुर, वंदना ठाकुर, गौरव गोयल, सुरेंद्र पाल त्यागी, बबली त्यागी, गजेंद्र शर्मा, रमेश चंद्र बंसल, राजकुमार कश्यप, डॉ. नीरज गर्ग (सीएमओ सर्वोदय अस्पताल), डॉ. मंजू गर्ग, डीआर हरिश मोहन शर्मा, प्रदीप गर्ग और सुरेंद्र गहलोत सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

## श्री दूधेश्वर नाथ महादेव मंदिर में शुरू हुआ चार दिवसीय गणपति लड्डू महोत्सव

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** सिद्धपीठ श्री दूधेश्वर नाथ मठ महादेव मंदिर में बुधवार को गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर विघ्नहर्ता भगवान गणेश की स्थापना विधि-विधान और मंत्रोच्चार के बीच की गई।

मंदिर के पीठाधीश्वर, श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा के अंतर्राष्ट्रीय प्रवक्ता और दिल्ली संत महामंडल के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने अभिजीत मुहूर्त में गणपति प्रतिमा को विराजमान कराया। गणेश प्रतिमा की स्थापना के साथ ही मंदिर परिसर में चार दिवसीय श्री दूधेश्वर गणपति लड्डू महोत्सव का शुभारंभ हुआ। महोत्सव के पहले दिन से ही मंदिर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। गाजियाबाद ही नहीं बल्कि आसपास के शहरों से भी भक्त विघ्नहर्ता के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे। वातावरण गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से गूंजता रहा। भक्तों ने महाराजश्री से आशीर्वाद प्राप्त कर अपने जीवन में सुख-समृद्धि और मंगलकामनाओं का आशीर्वाद मांगा। पूजन-अर्चन के दौरान स्वस्तिवाचन, संकल्पपूर्वक गणेश गौरी पूजन, षोडश मातृका पूजन, कलश व नवग्रह पूजन, सर्वतोभद्र मंडल पूजन, दूर्वा अर्पण और गणेश सहस्त्रनाम द्वारा सहस्त्रार्चन सम्पन्न हुआ। साथ ही गणेश अथर्वशीर्ष, संकट नाशन गणेश स्तोत्र और गणेश पंचरत्न स्तोत्र का पाठ भी किया गया।

## ग्राम-दुहाई और सिकरी खुर्द में अवैध कॉलोनियों पर बुलडोजर की गडगड़ाहट

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने अवैध कॉलोनियों पर सख्ती दिखाते हुए बुधवार को ग्राम-दुहाई और सिकरी खुर्द में बुलडोजर चलाकर करीब 23 बीघा जमीन पर फैलाए गए अवैध कब्जों को ध्वस्त कर दिया। उपाध्यक्ष अतुल वत्स द्वारा दिए गए सख्त निदेशों के तहत की गई इस कार्रवाई ने साफ कर दिया है कि अब जिले में किसी भी तरह की अवैध प्लॉटिंग और अनाधिकृत कॉलोनी को बख्शा नहीं जाएगा। कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन जोन-2 की टीम ने ग्राम-दुहाई के खसरा संख्या 176 और 105 के साथ-साथ ग्राम सिकरी खुर्द के खसरा संख्या 835 पर कब्जा जमाए कॉलोनाइजरों की मनमानी को पूरी तरह खत्म कर दिया। यहां अवैध कॉलोनाइजरों ने सड़कों पर टाइल्स बिछाकर, बाउंड्रीवाल बनाकर और साइट ऑफिस तैयार कर कॉलोनी बसाने की कोशिश की थी, लेकिन जीडीए ने बुलडोजर चलाकर सब कुछ जमींदोज कर दिया। ध्वस्तीकरण अभियान के दौरान अवैध निर्माणकताओं ने भारी विरोध किया। कुछ देर के लिए माहौल तनावपूर्ण भी हुआ, लेकिन जीडीए प्रवर्तन दस्ते और पुलिस बल की प्रभावी मौजूदगी के चलते विरोध पर काबू पा लिया गया।

# 8वीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल ने गरिमापूर्ण ढंग से मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह

वेलकम इंडिया




**इंद्रेश शर्मा गाजियाबाद।** 8वीं वाहिनी राष्ट्रीय आपदा मोचन बल , गाज़ियाबाद में 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह अत्यंत हर्षोल्लास, गरिमा और राष्ट्रभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। यह ऐतिहासिक अवसर न केवल देश की आजादी का स्मरण था, बल्कि बल के समर्पण, सेवा और एकता के संकल्प को दोहराने का प्रतीक भी बना। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री प्रवीण कुमार तिवारी, उप महानिरीक्षक, 8वीं वाहिनी द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। जैसे ही तिरंगा शान से लहराया, ब्रास बैण्ड की देशभक्ति धुनों ने वातावरण को भावविभोर कर दिया। सभी कार्मिकों ने तिरंगे को सलामी दी और राष्ट्रगान के साथ अपने मन में देश के प्रति सम्मान और सेवा का भाव दोहराया। इस राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर बल महानिदेशक श्री पीयूष आनंद, आईपीएस एवं वाहिनी उप महानिरीक्षक श्री पी.के. तिवारी ने सभी कार्मिकों और उनके परिवारों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। समारोह में अंतरराष्ट्रीय इन्सराग विशेषज्ञों की टीम– साइमन त्स्चुर, फबिएँ वल्तेरियो, उर्स बच्तोल्ड और इराक्ली वेस्ट–भी उपस्थित रही। साथ ही, वाहिनी के अधिकारी श्री कुणाल तिवारी (उप सेनानी), डॉ कुबेर शर्मा (उप सेनानी), स०से० श्री नरेश कुमार नामदेव ने भी समारोह की गरिमा बढ़ाई। उन्होंने रेस्क्युअर्स और स्थानीय स्कूली बच्चों से संवाद कर उन्हें स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी, जिससे समारोह में वैश्विक एकता और सहयोग का संदेश भी समाहित हुआ। परेड की कमान श्री अनिल कुमार (स०से०) तथा द्वितीय कमान नि० सुधीर कुमार द्वारा संभाली गई। अपने प्रेरणादायक संबोधन में उप महानिरीक्षक श्री पी.के. तिवारी ने स्वतंत्रता संग्राम के वीरों के बलिदान को याद करते हुए वर्तमान पीढ़ी को उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा, हर भारतीय के दिल में स्वतंत्रता की भावना होनी चाहिए– यही हमारी असली ताकत है। देश के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ राहत और अन्य आपदा प्रबंधन कार्यों में तैनात 8वीं वाहिनी की टीमें भी अपने-अपने स्थलों पर स्वतंत्रता दिवस मनाकर राष्ट्र के प्रति अपनी निष्ठा को दोहराया। तिरंगे की लहराती छवि और राष्ट्रगान की गूंज ने हर कोने को देशभक्ति से भर दिया। समारोह की प्रमुख झलकियों में ध्वजारोहण, बच्चों की उत्साही भागीदारी, कार्मिकों की एकजुटता, और वृक्षारोपण कार्यक्रम शामिल रहे, जिन्होंने इस दिन को अविस्मरणीय बना दिया। इस भव्य कार्यक्रम की सुदृढ़ व्यवस्था वाहिनी सूबेदार झ्र संजीव कुमार, इल्टट झ्र विकास कुमार एवं अन्य रेस्क्युअर्स द्वारा की गई, जो अत्यंत सराहनीय रही। इस अवसर पर 8वीं वाहिनी ने यह संकल्प दोहराया कि वह न केवल आपदा के समय, बल्कि हर परिस्थिति में राष्ट्र की सेवा, सुरक्षा और एकता के लिए प्रतिबद्ध है। बल के प्रत्येक सदस्य ने अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठा और देश के प्रति समर्पण को पुनः पुष्ट किया।